NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

# विजडम इंडिया

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com
लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 15 अंकः 220 लखनऊ, शुक्रवार 03 अप्रैल 2026 मूल्यः 02 रूपये पृष्ठ- 08

## असम में गरजे अमित शाह, बोले- कांग्रेस ने विकास रोका, घुसपैठियों को पनाह दी

एजेंसी।

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम में पीएम मोदी और सीएम सरमा के नेतृत्व में हुए विकास की सराहना करते हुए कांग्रेस पर राज्य की उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने दस वर्षों में 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक दिए, जबकि कांग्रेस ने घुसपैठियों को संरक्षण दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को असम को विकास से दूर रखने के लिए कांग्रेस की कड़ी आलोचना की। नागांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र ने राज्य के विकास के लिए नौ लाख करोड़ रुपये आवंटित किए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री



मोदी और मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में राज्य में भारी निवेश हो रहा है। शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने असम के विकास के लिए कभी कुछ नहीं किया... आपकी (राहुल गांधी) सरकार 15 साल सत्ता में रही। आपने असम के लिए वास्तव में क्या किया? 2004 से 2014 तक असम में कांग्रेस सरकार सत्ता में थी... असम के विकास के लिए मात्र 1 लाख 28 हजार करोड़ रुपये दिए गए... इसी 10 साल की अवधि (2014 से 2024) में प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य को 9 लाख 78 हजार करोड़ रुपये उपलब्ध कराने के लिए काम किया है... मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम में लाखों करोड़ रुपये का निवेश लाने के लिए काम किया है। अमित शाह ने अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी की आलोचना करते हुए लोगों से आगामी 9 अप्रैल के चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि असम में 9 अप्रैल को मतदान होना है और भाजपा और असम गण परिषद के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने का समय आ गया है... ये दस साल असम के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखे जाएंगे। काजीरंगा बिल्कुल पास में स्थित है। काजीरंगा के गैंडे दुनिया के कोने–कोने से पर्यटकों को असम की ओर आकर्षित करने की क्षमता रखते हैं। फिर भी, कांग्रेस सरकारों ने काजीरंगा को घुसपैठियों के हवाले कर दिया। इससे पहले, शाह ने पश्चिम बंगाल में एक जनसभा को संबोधित किया, जहां 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान होना है।

## बांग्लादेश से विस्थापित 331 हिंदू परिवारों को लखीमपुर-खीरी में बसाया गया, जीविकोपार्जन के लिए मिली जमीन

संवाददाता।

लखनऊ। लखनऊ उत्तर प्रदेश में बांग्लादेश से आए 331 हिंदू परिवारों को लखीमपुर–खीरी की तीन तहसीलों में बसाया गया। उन्हें खेती के लिए भूमि दी गई और सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास, पेंशन और मनरेगा का लाभ मिला। इनसे उनके जीवन और आजीविका में सुधार हुआ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बांग्लादेश से विस्थापित होकर आए 331 हिंदू परिवारों को लखीमपुर खीरी जिले की अलग–अलग तहसीलों के गांवों में बसाया गया है। इनमेंधौरहरा तहसील के सुजानपुर गांव में 97 परिवार, मोहम्मदी तहसील के ग्राम मोहनपुर



ग्रन्ट में 41 और मियांपुर गांव में सर्वाधिक 156 परिवारों को बसाया गया है। इसके अलावा गोला तहसील के गांव ग्रन्ट नंबर–3 में 37 परिवारों को बसाया गया है। इन परिवारों का पुनर्वास वर्षों पहले किया गया था और अब ये यहीं स्थायी रूप से रह रहे हैं। खेती के लिए दी गई जमीनइन विस्थापित परिवारों को बसाने के साथ ही उन्हें खेती के लिए जमीन भी आवंटित की गई। गोला तहसील के ग्रन्ट नंबर–3 में बसे 37 परिवारों को प्रति परिवार औसतन 3 एकड़ कृषि भूमि दी गई है। धौरहरा तहसील के सुजानपुर गांव में 60 परिवारों को प्रति परिवार औसतन 1.620 हेक्टेयर और 37 परिवारों को प्रति परिवार करीब 0.607 हेक्टेयर जमीन मिली है।मोहम्मदी तहसील के मोहनपुर ग्रन्ट में 15 परिवारों को प्रति परिवार 3 एकड़, 9 परिवारों को प्रति परिवार 7 एकड़ और 17 परिवारों को प्रति परिवार 5 एकड़ कृषि भूमि का पट्टा दिया गया है। वहीं मियांपुर गांव में बसे 156 परिवारों को प्रति परिवार करीब 4.75 एकड़ जमीन दी गई है, जिससे वे खेती कर अपनी आजीविका चला रहे हैं।सरकारी योजनाओं का लाभ, कई सुविधाएं पहुंचीं गांव तक प्रशासन का कहना है कि इन परिवारों को केवल जमीन ही नहीं दी गई, बल्कि सरकार की कई योजनाओं का लाभ भी पहुंचाया जा रहा है।

## जेवर के विकास को नई रफ्तार विधायक धीरेन्द्र सिंह ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से की चोला स्टेशन पर अहम चर्चा

एजेंसी।

दिल्ली। बैठक के दौरान माननीय विधायक धीरेन्द्र सिंह ने चोला रेलवे स्टेशन को मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यह परियोजना न केवल जेवर एयरपोर्ट बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कनेक्टिविटी को नई गति प्रदान करेगी। जेवर विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक धीरेन्द्र सिंह ने आज संसद भवन, नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार भेंट कर चोला रेलवे स्टेशन के सुदृढ़ीकरण, आधुनिकीकरण तथा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उसकी प्रभावी रेल कनेक्टिविटी के विषय में विस्तृत चर्चा की।बैठक के दौरान माननीय विधायक ने चोला रेलवे स्टेशन को मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यह परियोजना न केवल जेवर एयरपोर्ट बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कनेक्टिविटी को नई गति प्रदान करेगी।माननीय विधायक ने रेल मंत्री के समक्ष निम्न प्रमुख बिंदु रखेरू– चोला रेलवे स्टेशन का आधुनिक स्वरूप में पुनर्विकास एवं यात्री सुविधाओं का विस्तार– स्टेशन को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से तेज एवं सुगम रेल कनेक्टिविटी प्रदान करना– क्षेत्र में प्रस्तावित नई रेल लाइन के शीघ्र अनुमोदन एवं क्रियान्वयन को गति देना – चोला स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की संभावनाओं पर विचार– स्टेशन को लॉजिस्टिक्स एवं औद्योगिक विकास के केंद्र के रूप में विकसित करनाविधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि "जेवर एयरपोर्ट देश के सबसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में से एक है। ऐसे में चोला रेलवे स्टेशन



का आधुनिक एवं सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे क्षेत्र के युवाओं, किसानों एवं उद्योगों को सीधा लाभ मिल सके। यह परियोजना 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।"केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी इस विषय को गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि ष्रेल मंत्रालय द्वारा प्रस्तावों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण एवं आवश्यक कार्यवाही की जा रही है , ताकि क्षेत्र की कनेक्टिविटी को सुदृढ़ किया जा सके।अंत में जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह ने केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि ष्आने वाले समय में जेवर क्षेत्र इन्फ्रास्ट्रक्चर, निवेश और रोजगार के नए केंद्र के रूप में उभरेगा।ष इस बैठक में अनूप शहर के माननीय विधायक संजय शर्मा जी भी विधायक जेवर के साथ रहे।

## भाजपा सरकार गई तो...हिमंत पर गरजे राहुल गांधी, बोले- इन्हें छोड़ने वाले नहीं हैं हम

एजेंसी।

दिल्ली। असम में एक चुनावी रैली में, राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को भारत का श्सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्रीश करार देते हुए आरोप लगाया कि वह पीएम मोदी और अमित शाह के साथ मिलकर श्भूमि एटीएमश चला रहे हैं, जिसके तहत जनता की जमीन कंपनियों को दी जा रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को भारत का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री बताते हुए आरोप लगाया कि सरमा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मिलकर राज्य में भूमि एटीएम चला रहे हैं, जिसके तहत वे जनता से जमीन छीनकर बड़ी कंपनियों को जमीन दे रहे हैं। बोकाजन निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार रतन एंग्टी के समर्थन में आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि लोकप्रिय गायक जुबीन गर्ग असम और यहां की जनता के लिए खड़े थे, और कांग्रेस पार्टी राज्य में सत्ता में आने के 100 दिनों के भीतर उनकी मृत्यु के लिए न्याय दिलाएगी।राहुल ने कहा कि असम फूलों का एक गुलदस्ता है, जिसमें अलग–अलग धर्म, जाति और विचारधारा के लोग रहते हैं। कांग्रेस की सोच है– हिंदुस्तान की जनता के हाथ में असली ताकत



हो, देश को चलाने में हर वर्ग को भागीदारी मिले। दूसरी तरफ ठश्रच की विचारधारा है कि असम को दिल्ली से चलाया जाए– यही लड़ाई चल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी 244 (।) लेकर आई थी, क्योंकि हमारी सोच है कि असम को न गुवाहाटी से चलाया जाए और न दिल्ली से। 244 (।) से असम की जनता को ताकत मिलती है और ये उन्हें फैसले लेने की शक्ति देता है। कांग्रेस और ठश्रच में यही फर्क है।भाजपा पर अपना हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी को ट्रंप कंट्रोल करता है। ट्रंप सरेआम नरेंद्र मोदी को गाली देता है। वो कहता है– नरेंद्र मोदी मुझे सर बुलाता है। मै उसका करियर कभी भी खत्म कर सकता हूं। सच्चाई ये है कि अडानी और एपस्टीन – ट्रंप ने इन दो हथियारों से नरेंद्र मोदी को पकड़ रखा है और मोदी कुछ नहीं कर सकते। ट्रंप के पास मोदी के करप्शन और अडानी की कंपनियों की पूरी जानकारी है। अडानी पर अमेरिका में क्रिमिनल केस चल रहा है। अगर अडानी अमेरिका चला गया तो उसे जेल में डाल देंगे और नरेंद्र मोदी का गुब्बारा वहीं फट जाएगा।राहुल ने साफ तौर पर कहा कि हिमंता बिस्वा को मोदी–शाह कंट्रोल करते हैं। अगर नरेंद्र मोदी, हिमंता से कहें कि उछलो तो ये उछलने लगेंगे। नरेंद्र मोदी और हिमंता मिलकर असम की जनता को लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरा देश जानता है– हिमंता बिस्वा सरमा देश का सबसे भ्रस्ट मुख्यमंत्री है। हिमंता, सिंडिकेट के साथ मिलकर असम को चला रहा है।

## "वंदे मातरम" के 150 वर्ष- सुभारती विश्वविद्यालय में 'राष्ट्रबोध' से गूंजा देशभक्तिका स्वर

विजडम इंडिया।

देहरादून। रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय, देहरादून में "राष्ट्रबोध" कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत "वंदे मातरम" गीत की 150वीं वर्षगांठ बड़े ही उत्साह, गरिमा और राष्ट्रभक्ति के भाव के





साथ ललितादित्य प्रेक्षागृह में मनाई गई। कार्यक्रम ने उपस्थित जनसमूह को देशप्रेम और राष्ट्रीय चेतना से ओत–प्रोत कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) देशदीपक महोदय, लोकप्रिया हॉस्पिटल एवं बीहाइव आयुर्वेदिक हॉस्पिटल की निदेशिका प्रोफेसर (डॉ.) जीवन आशा जी एवं मुख्य वक्ता श्री प्रमेश जोशी जी द्वारा भारत माता एवं बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता श्री प्रमेश जोशी जी को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात पैरामेडिकल संकाय के छात्रों एवं समस्त विश्वविद्यालय परिवार द्वारा सामूहिक "वंदे मातरम" गान ने पूरे प्रेक्षागृह को देशभक्ति के अद्वितीय वातावरण में सराबोर कर दिया।

कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के छात्र आदित्य भीष्म सिंह ने "वंदे मातरम" की प्रासंगिकता पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए, जबकि एबीवीपी के देहरादून महानगर सह मंत्री अमन शाह ने गीत की पंक्तियों का सार साझा करते हुए युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया।

मुख्य वक्ता श्री प्रमेश जोशी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि "वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा का अमर प्रतीक है।" उन्होंने इसके 150 वर्षों की गौरवगाथा को रेखांकित करते हुए सुभारती समूह के अध्यक्ष डॉ. अतुल कृष्ण जी द्वारा संचालित "राष्ट्रबोध" पहल को वर्तमान समय में चरित्रवान राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रोफेसर (डॉ.) अतुल कृष्ण जी को "राष्ट्रबोध" कार्यक्रम की सफलता हेतु बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय का चित्र भेंट किया गया, जिसे उनकी अनुपस्थिति में विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा ग्रहण किया गया। कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) देशदीपक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि "वंदे मातरम् हमें राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण की भावना से जोड़ता है।" उन्होंने डॉ. अतुल कृष्ण जी के विजन को सराहते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के अंत में संस्कृति विभाग के सदस्य श्री रमन कृष्ण किमोठी जी द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा आजाद हिंद गीत के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का प्रभावशाली मंच संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर मिदत असलम द्वारा किया गया। इस अवसर पर सचिव, संस्कृति विभाग श्री विनय सेमवाल, संकायाध्यक्ष डॉ. रीता तिवारी, विभागाध्यक्ष डीन एकेडमिक्स प्रो. मनमोहन गुप्ता, ज्वाइंट डायरेक्टर रिसर्च डॉ. संदीप ध्यानी, डीन आर्ट्स एंड सोशल साइंस डॉ. इमरान खान, रिसर्च कोऑर्डिनेटर श्री गीताराम चतुर्वेदी, एनएसएस इंचार्ज प्रदीप महारा सहित अनेक प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## आपरेशन सिंन्दूर अभी खत्म नहीं हुआ, राजनाथ सिंह का पाकिस्तान को सदेश, कोई दुस्साहस किया तो...

दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ईरान युद्ध से उत्पन्न तनाव के बीच पाकिस्तान को किसी भी दुस्साहस के खिलाफ कड़ी चेतावनी देते हुए श्अभूतपूर्व और निर्णायकश सैन्य प्रतिक्रिया की बात कही है। केरल में एक संबोधन में उन्होंने श्ऑपरेशन सिंदूरश के जारी रहने का संकेत दिया और देश में ऊर्जा संकट की अफवाहों को भी खारिज कर दिया।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को ईरान युद्ध के कारण उत्पन्न मौजूदा वैश्विक स्थिति के बीच भारत के पड़ोसी द्वारा किसी भी प्रकार के दुस्साहस को अंजाम देने की स्थिति में निर्णायक कार्रवाई की कड़ी चेतावनी जारी की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि मौजूदा हालात में हमारा पड़ोसी कोई भी दुस्साहस कर सकता है। अगर वह ऐसा करता है, तो भारत की कार्रवाई अभूतपूर्व और निर्णायक होगी। उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।चुनाव वाले केरल में सैनिक सम्मान सम्मेलन में बोलते हुए, राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि भारतीय नौसेना के जहाज देश के टैंकरों को व्यस्त जलडमरूमध्य से सुरक्षित रूप



से निकाल रहे हैं। राजनाथ सिंह की टिप्पणी पाकिस्तान की ओर इशारा करती प्रतीत हुई, जिसके खिलाफ भारत ने पिछले साल मई में जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में एक महीने पहले हुए घातक आतंकवादी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैन्य हमले शुरू किए थे।देश में ईंधन संकट की अफवाहों को खारिज करते हुए, राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि कुछ लोग पश्चिम एशिया में चल रहे इस संघर्ष को लेकर झूठ फैलाकर दहशत पैदा करना चाहते हैं। देश में न तो पेट्रोल–डीजल की कमी है और न ही गैस की। भारत किसी भी ऊर्जा संकट से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने विपक्ष पर इस संकट के दौरान देश के साथ खड़े होने के बजाय छोटी राजनीति में लिप्त होने का आरोप लगाया।उन्होंने यह भी कहा कि आज हम सभी बड़े बदलावों के दौर से गुजर रहे हैं।

# सरोजनीनगर में मकान में लगी आग, पुलिस और फायर टीम की तत्परता से छह लोग व पालतू कुत्ता सुरक्षित बचाए गए

लखनऊ(आरएनएस),सरोजनी नगर क्षेत्र में गुरुवार तड़के एक मकान में आग लगने की सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। घटना में मकान में मौजूद सभी छह लोगों तथा एक पालतू कुत्ते को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दिनांक 02.04.2026 को प्रातः करीब 04ः00 बजे च्व्ट 6506 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि कानपुर रोड स्थित भोले भवन, पार्थ रिपब्लिक के निकट एक मकान में आग लग गई है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सरोजनीनगर पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे तथा फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया। मौके पर पहुंचकर पुलिस एवं फायर टीम द्वारा तत्परता से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।मकान में शशि वर्मा उर्फ अजय रस्तोगी (48 वर्ष), अनीता वर्मा (48 वर्ष), शीतल वर्मा (24 वर्ष), विनायक (16 वर्ष), वेरोनिका वर्मा (6 वर्ष) तथा तनु वर्मा (24 वर्ष) सहित एक पालतू कुत्ता मौजूद था। पुलिस और फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई से सभी व्यक्तियों एवं पालतू कुत्ते को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।रेस्क्यू के दौरान तनु वर्मा के पैर में हल्की चोट आई, जिन्हें एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरोजनीनगर भेजा गया, जहां उपचार के बाद उन्हें सकुशल घर भेज दिया गया।फायर ब्रिगेड की प्रभावी कार्रवाई से आग पर पूर्ण रूप से नियंत्रण पा लिया गया। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# पाक्सो एक्ट के वारण्टी अभियुक्त को चौक पुलिस ने किया गिरफ्तार

लखनऊ(आरएनएस ),पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ अमरेन्द्र कुमार सेंगर द्वारा अपराधियों पर सतर्क दृष्टि रखने, पूर्व में घटित घटनाओं के अनावरण तथा वांछित व वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए दिए गए निर्देशों के अनुपालन में चौक पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) कमलेश दीक्षित एवं अपर पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) धनंजय सिंह कुशवाहा के निर्देशन तथा सहायक पुलिस आयुक्त चौक राजकुमार सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक चौक नागेश उपाध्याय के नेतृत्व में थाना चौक पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए पॉक्सो एक्ट से संबंधित वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।पुलिस टीम ने मा० न्यायालय ए.डी.जे. पॉक्सो एक्ट–03 लखनऊ से निर्गत एसटी संख्या 119ः2020, केस संख्या 369ः2019, धारा 363, 366, 376डी, 506, 504 आईपीसी एवं 3ध्4 पॉक्सो एक्ट थाना चौक लखनऊ से संबंधित वारण्टी अभियुक्त लकी राज उर्फ काकू पुत्र सुरेश कुमार, निवासी 235ः39 गली शाहछड़ा, थाना चौक, लखनऊ, उम्र करीब 30 वर्ष को दिनांक 02.04.2026 को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार किया।गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है तथा प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।इस गिरफ्तारी में प्रभारी निरीक्षक नागेश उपाध्याय, उपनिरीक्षक राजेन्द्र बाबू (चौकी प्रभारी गली शाहछड़ा) तथा कांस्टेबल अजय कुमार थाना चौक कमिश्नरेट लखनऊ की टीम की प्रमुख भूमिका रही।

# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक के पिता राधेश्याम पाठक के निधन पर भाजपा नेताओं ने जताया शोक

लखनऊ, (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक के पिता एवं जनसंघ काल के वरिष्ठ कार्यकर्ता राधेश्याम पाठक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।राधेश्याम पाठक जनसंघ काल के सक्रिय कार्यकर्ता रहे और आजमगढ़ से जनसंघ के टिकट पर विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके थे। उन्होंने संगठन में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए पार्टी को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।राधेश्याम पाठक के निधन पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह, कान्ताकर्दम, संतोष सिंह, सलिल विश्नोई, सत्यपाल सिंह सैनी, नीलम सोनकर, कमलावती सिंह, बृजबहादुर, सुनीता दयाल, दिनेश कुमार शर्मा, मानवेन्द्र सिंह, पद्म सेन चौधरी, मोहित बेनीवाल, धर्मेन्द्र सिंह, देवेश कोरी, त्र्यंबक त्रिपाठी सहित अनेक पदाधिकारियों ने भी शोक व्यक्त किया।इसके अतिरिक्त प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल, अमर पाल मौर्य, अनूप गुप्ता, प्रियंका सिंह रावत, संजय राय, सुभाष यदुवंश, राम प्रताप सिंह चौहान, प्रदेश मंत्री शंकर गिरि, चन्द्रमोहन सिंह, मीना चौबे, अंजुला माहौर, विजय शिवहरे, शंकर लोधी, शकुन्तला चौहान, अनामिका चौधरी, पूनम बजाज, अर्चना मिश्रा, अमित वाल्मीकि, बंसत त्यागी, शिव भूषण सिंह, सुरेश पासी, अभिजात मिश्रा, डीपी भारती, प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष कपूर, प्रदेश सहकोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, प्रदेश सह मुख्यालय प्रभारी चौधरी लक्ष्मण सिंह, अतुल अवस्थी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी हिमांशु दुबे, धर्मेन्द्र राय, प्रियंक पाण्डेय, अभय प्रताप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव, डा. समीर सिंह, मनीष शुक्ला, हीरो बाजपेयी, आलोक वर्मा, अवनीश त्यागी, राज कुमार, अशोक तिवारी, ओम प्रकाश श्रीवास्तव तथा शिव कुमार पाठक सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी राधेश्याम पाठक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

# 2027 में सरकार बनाने के लिए बूथ स्तर तक मजबूत करना होगा संगठन- अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस )। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल कर सरकार बनाना पार्टी का मुख्य लक्ष्य है। इसके लिए पूरी तैयारी के साथ काम करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को बर्बाद कर दिया है और भ्रष्टाचार, महंगाई तथा बेरोजगारी से जनता त्रस्त है।अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित पार्टी के सभी जिला, महानगर एवं विधानसभा अध्यक्षों की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों एवं 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में भाजपा द्वारा सत्ता के दुरुपयोग और भावी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के सत्ता में रहते लगभग दस वर्ष होने वाले हैं और इस अवधि में सत्ता का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग हुआ है। उन्होंने कहा कि संविधान का मुद्दा महत्वपूर्ण है और समाजवादी पार्टी के लिए संविधान सर्वोपरि है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2024 के चुनाव में बेईमानी के बावजूद समाजवादी पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर किसी तरह का भ्रम न रखें और इस बार कोई चूक न होने पाए। उन्होंने 2027 के चुनाव को 'करो मरो' का लक्ष्य बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को खोना लोकतंत्र के लिए खतरा साबित हो सकता है।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश की जनता को धोखा दिया है और समाजवादी पार्टी सत्य, लोकतांत्रिक और सेकुलर रास्ते पर चलने वाली पार्टी है, जो अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से हर वर्ग प्रभावित है तथा पीडीए की बढ़ती ताकत से भाजपा अवसाद में है।उन्होंने सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए भाजपा को सत्ता से बाहर करने का आह्वान करते हुए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने, आपसी सम्मान बनाए रखने तथा शिक्षक–स्नातक एमएलसी चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों की मदद करने को कहा।बैठक में पदाधिकारियों ने वर्ष 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। बैठक को राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया।

# दादरी रैली से भाजपा के होश उड़े, 2027 में सपा सरकार बनने पर खत्म होंगे जनता के बुरे दिन- अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि दादरी में समाजवादी पार्टी को मिले जनसमर्थन से भाजपा के होश उड़ गए हैं। रैली के बाद सरकार के लोगों की भाषा बदल गई है और अब वे जेपीएनआईसी, गोमती रिवरफ्रंट और मेट्रो जैसी परियोजनाओं की चर्चा करने लगे हैं, जबकि इन परियोजनाओं की शुरुआत समाजवादी सरकार के समय हुई थी।अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में जिला संगठनों की बैठक के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि पार्टी संगठन ने वर्ष 2024 के चुनाव में शानदार कार्य किया और पीडीए की आवाज को मजबूती से उठाया। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर सरकार बनाने का संकल्प लिया है।उन्होंने कहा कि जैसे–जैसे अन्य राज्यों के विधानसभा चुनाव समाप्त होंगे, भाजपा की पूरी ताकत उत्तर प्रदेश में केंद्रित हो जाएगी। ऐसे में संगठन के कार्यकर्ताओं को सतर्क रहकर भाजपा की साजिशों को नाकाम करना होगा और प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए जमीन पर काम करना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि समाजवादी सरकार बनने पर जनता के बुरे दिन समाप्त हो जाएंगे।अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव के दौरान अधिकारियों की तैनाती आयोग के निर्देश पर होती है और किसी भी घटना की जिम्मेदारी भी आयोग की होती है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में अधिकारियों के स्थानांतरण का उल्लेख करते हुए पूछा कि क्या उत्तर प्रदेश में भी इसी तरह कार्रवाई की जाएगी।नकली नोट और अन्य मामलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में कई अवैध गतिविधियां चल रही हैं और इनमें भाजपा से जुड़े लोगों की भूमिका सामने आ रही है। उन्होंने किसानों की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि किसानों की आय दोगुनी करने का वादा पूरा नहीं किया गया। खाद, बीज और कीटनाशकों के दाम बढ़ने से किसान परेशान हैं और सरकार द्वारा आलू खरीदने का वादा भी पूरा नहीं किया गया।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड टूट गए हैं। ग्रीन कॉरिडोर और जल जीवन मिशन जैसी परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने दावा किया कि समाजवादी सरकार के दौरान किसानों को जमीन के लिए बाजार भाव से मुआवजा दिया गया था और आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे जैसे बड़े प्रोजेक्ट रिकॉर्ड समय में पूरे किए गए थे।

# अनूपगढ़ रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से युवक की मौत

लखनऊ, (आरएनएस)। अनूपगंज रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से टकराकर एक युवक की हुई मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक की पहचान होने के बाद परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने नामजद व अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 31.03.2026 को समय करीब 22ः30 बजे थाना कार्यालय पर सूचना प्राप्त हुई थी कि अनूपगंज रेलवे स्टेशन के पास एक अज्ञात व्यक्ति ट्रेन से टकरा गया है, जिससे उसकी मृत्यु हो गई है। सूचना पर स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच के दौरान ज्ञात हुआ कि अनूपगंज स्टेशन की मध्य लाइन पर एक यूवक ट्रेन से टकरा गया था। उस समय मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी तथा उसकी उम्र लगभग 25 वर्ष प्रतीत हो रही थी। शव का पंचायतनामा आदि की कार्रवाई जीआरपी द्वारा की गई।दिनांक 02.04.2026 को राम गोपाल अवस्थी पुत्र परशुराम अवस्थी, निवासी शिवलर थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ, अपने समर्थकों के साथ थाना स्थानीय पहुंचे और एक प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उक्त मृतक उनका पुत्र अभय कुमार अवस्थी है।

# प्रख्यात न्यूरोसर्जन डा. कार्तिकेय शर्मा पर बैडटच का आरोप

## एफआईआर दर्ज, इलाज के बहाने कपड़े उतरवाए

प्रयागराज। बीए की एक छात्रा ने जाने–माने न्यूरो सर्जन डॉ. कार्तिकेय शर्मा पर गुरुवार को बैडटच का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है।उसका कहना है कि डॉक्टर ने जबरन उसके कपड़े उतरवाए। फिर गंदी नीयत से छुआ। सिविल लाइंस पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया। छात्रा को मेडिकल के लिए भेजा गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना बुधवार रात 10.30 बजे क्लाइव रोड इलाके की है। यहां डॉक्टर कार्तिकेय शर्मा (55) का घर है। डॉ. कार्तिकेय घर पर ही क्लिनिक चलाते हैं। देर रात तक मरीज देखते हैं। धूमनगंज की रहने वाली 24 साल की एक छात्रा अपने भाई के साथ माइग्रेन के इलाज के लिए पहुंची थी। छात्रा को 74वां नंबर मिला था। भाई का कहना है कि मुझे जरूरी काम था। इसलिए बहन को छोड़कर चला गया था। बाद में लौटा तो हंगामा हो रहा था। बहन के पास पहुंचा तो उसने पूरी बात बताई। फिर घरवालों और पुलिस को सूचना दी।छात्रा के पिता की मौत हो चुकी चुका है। उनके परिवार में मां और भाई हैं। भाई प्राइवेट नौकरी करता है। छात्रा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात करीब 10ः30 बजे मेरा नंबर आया। मैं चौंबर में पहुंची तो डॉक्टर ने अन्य मरीजों को यह कहकर बाहर कर दिया कि जांच करनी है। जब मैं केबिन में अकेले रह गई तो चौंबर के दोनों दरवाजे अंदर से बंद कर लिए। एफआईआर के अनुसार इसके बाद जांच करने की बात कहकर डॉक्टर मेरे ऊपर के कपड़े उतारने लगे। छेड़खानी करने लगे। फिर मुझसे नीचे के कपड़े भी उतारने को कहा। मैं घबरा गई। मैंने कहा कि मुझे जांच नहीं करानी, तो जबरदस्ती करने लगे। मैं रोने लगी तो धमकाया और पीछे हट गए। इसके बाद तब तक दरवाजे नहीं खोले, जब तक कि मैंने अपने कपड़े ठीक नहीं कर लिए। छात्रा ने बताया कि मैंने बाहर आकर तुरंत भाई को फोन कर बुलाया। मेरी हालत देखकर पहले से मौजूद मरीजों और तीमारदारों ने डॉक्टर को घेर लिया। उनसे सवाल करने लगे। जब भाई आया तो मैंने उसे पूरी बात बताई। परिवार के अन्य लोग भी पहुंच गए। डायल 112 को जानकारी दी। कुछ देर बाद सिविल लाइंस थाने की पुलिस भी आ गई। फिर छात्रा को घरवालों के साथ थाने ले जाया गया। घरवालों ने बताया कि बेटी रोते हुए बाहर निकली तो अन्य मरीजों और तीमारदारों ने इसकी वजह पूछी। उसने आपबीती सुनाई तो लोग डॉक्टर के चौंबर में घुस गए। खरी–खोटी सुनाने लगे। इस पर डॉक्टर ने अपने स्टाफ को बुलाकर सभी को बाहर निकाल दिया। गेट अंदर से बंद कर लिया।एसीपी सिविल लाइंस विद्युत गोयल ने बताया कि छात्रा की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच पड़ताल की।

# मेडिकल कालेज में जटिल एड्रिनल ट्यूमर का सफल आपरेशन

## 40 वर्षीय महिला को मिला नया जीवन

प्रयागराज। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज से संबद्ध स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय के सर्जनों ने एक जटिल एवं विशाल एड्रिनल ट्यूमर का सफल ऑपरेशन कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। झूंसी निवासी 40 वर्षीय अर्चना पिछले एक वर्ष से पेट में गांठ एवं लगातार असहजता की समस्या से ग्रसित थीं। जांच के दौरान उनके पेट में दाईं ओर सबकॉस्टल एवं लम्बर क्षेत्र से लेकर नाभि तक फैला लगभग 16□15.7□19 सेमी आकार का बड़ा ट्यूमर पाया गया। प्रारंभ में उन्होंने वाराणसी के निजी चिकित्सकों से उपचार कराया, लेकिन अपेक्षित लाभ नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने 28 मार्च 2026 को एसआरएन अस्पताल में भर्ती होकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया। विस्तृत जांच एवं मूल्यांकन के पश्चात उन्हें नॉन–फंक्शनल एड्रिनल मास से ग्रसित पाया गया।मरीज की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों की टीम ने 30 मार्च 2026 को सफलतापूर्वक जटिल सर्जरी कर ट्यूमर को निकाल दिया। वर्तमान में मरीज की स्थिति स्थिर है और वह तेजी से स्वस्थ हो रही हैं।इस जटिल ऑपरेशन का नेतृत्व मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. वी.के. पांडेय के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें सर्जरी टीम में डॉ. रवि राज पाटिल, डॉ. विश्वजीत वाजपेयी, डॉ. मोनिका सिंह, डॉ. आदर्श सिंह, डॉ. अंजलि, डॉ. अर्पित मिश्रा एवं डॉ. अभिषेक मौर्य शामिल रहे। वहीं एनेस्थीसिया टीम में डॉ. अनिल सिंह, डॉ. पल्लवी सूद, डॉ. उत्कर्ष, डॉ. प्रणया, डॉ. एकता तथा स्टाफ नर्स सुशीला का महत्वपूर्ण योगदान रहा।इस सफलता पर प्राचार्य प्रो. डॉ. वी.के. पांडेय ने कहा कि इतने बड़े आकार के एड्रिनल ट्यूमर का सफल ऑपरेशन हमारे संस्थान की सर्जिकल दक्षता, टीमवर्क और समर्पण को दर्शाता है। मेडिकल कॉलेज में जटिल से जटिल सर्जरी अब सफलतापूर्वक की जा रही हैं, जिससे मरीजों को महानगरों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है।

# हनुमान जयंती पर उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम

## श्री बड़े हनुमान मंदिर में लगा विशेष छप्पन भोग, भजन संध्या का आयोजन

प्रयागराज। गुरुवार को हनुमान जयंती के अवसर पर संगम स्थित श्री बड़े हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है। पूरा परिसर जगमग नजर आ रहा है। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा। लोग भगवान हनुमान के दर्शन कर पूजा– अर्चना कर रहे हैं। श्री बड़े हनुमान जी के लिए विशेष छप्पन भोग तैयार किया गया है। शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया है।हनुमत जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में संगम तट पर स्थित श्री बड़े हनुमान मंदिर में भोर से ही अनुष्ठान शुरु हो गया। मंदिर परिसर को भव्य तरीके से सजाया गया है। भोर में मंगला आरती का दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में भक्त जुटे। महंत बलवीर गिरी महाराज ने आरती उतारी। श्री बड़े हनुमान मंदिर के महंत और श्री बाघंबरी गद्दी पीठाधीश्वर महंत बलवीर गिरी महाराज ने बताया कि दोपहर दो बजे से हनुमानजी का महाभिषेक दूध, गंगा, पंचामृत, शहद, दही, गुलाबजल, पंचमेवा आदि से किया गया।मठ में तैयार छप्पन भोग अर्पित किया गया। साथ ही 100 किलो लड्डू का भी भोग लगा, जिसे भक्तों में प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। महंत ने बताया कि सुबह छह बजे से हनुमानजी का दर्शन करने के लिए मंदिर भक्तों के लिए खोल दिया गया। दोपहर बाद 4.30 बजे हनुमानजी की महाआरती हुई।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय में ट्रांसजेंडर कानून का विरोध

## आइसा ने जातिगत भेदभाव के खिलाफ किया छात्रसंघ भवन पर प्रदर्शन किया

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्र संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन ने ट्रांसजेंडर कानून के विरोध में प्रदर्शन किया। छात्रसंघ गेट पर आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं ने भाग लिया और सरकार से कानून वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने विश्वविद्यालय में बढ़ते जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया। वक्ताओं ने मांग की कि विश्वविद्यालय में समानता और न्याय सुनिश्चित करने के लिए यूजीसी रेगुलेशन को रोहित एक्ट के तर्ज पर लागू किया जाए, ताकि वंचित वर्गों को उचित संरक्षण मिल सके। पीयूसीएल उत्तर प्रदेश के महासचिव चित्तजीत ने अपने संबोधन में कहा कि प्रस्तावित ट्रांसजेंडर एक्ट 2026 ट्रांस समुदाय के अधिकारों को सीमित करने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस कानून में ट्रांसजेंडर की परिभाषा को संकुचित किया गया है, जिससे ट्रांसपुरुष और नॉन–बाइनरी जैसे वर्गों को अलग–थलग किया जा रहा है। आइसा के प्रदेश अध्यक्ष मनीष कुमार ने आरोप लगाया कि सरकार विश्वविद्यालयों में जातिगत भेदभाव खत्म करने के बजाय उसे नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट में यूजीसी रेगुलेशन के पक्ष में मजबूत पैरवी न होने के कारण इसे लागू करने में बाधाएं आ रही हैं। आइसा इलाहाबाद अध्यक्ष सोनाली ने जोर देकर कहा कि सरकार वंचित समुदायों के अधिकारों की अनदेखी कर रही है, जो संविधान के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। सभा में 2 अप्रैल 2018 को एससीध्एसटी एक्ट के समर्थन में हुए आंदोलन के दौरान शहीद हुए युवाओं को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

# दुकानदार ने की दुकान गई मासूम से रेप की कोशिश

## जबरन भीतर खींचा, मोहल्ले वालों ने पीटकर पुलिस को सौंपा

प्रयागराज। धूमनगंज थाना क्षेत्र में दुकान पर बिस्किट लेने गई आठ साल की मासूम से रेप की कोशिश की गई। आरोप है कि दुकानदार ने उसे दुकान के भीतर खींचकर गलत काम करने का प्रयास किया। बच्ची के चीखने पर आसपास के लोग जुट गए और फिर उसे जमकर पीटा। इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी को मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी प्रभु नारायण सिंह फौज से रिटायर होने के बाद धूमनगंज में रहता है। घर में ही वह दुकान भी चलाता है जिसमें किराना का सामान बेचता है। स्थानीय लोगों ने बताया, शाम करीब चार बजे पड़ोस में रहने वाली आठ साल की बच्ची उसकी दुकान पर बिस्किट लेने पहुंची। उस वक्त सुनसान था और बच्ची को अकेला देखकर दुकानदार ने उसे भीतर खींच लिया। इसके बाद गलत काम करने का प्रयास किया। इस पर बच्ची चीखने लगी। आसपास के लोगों ने बच्ची के चीखने की आवाज सुनी तो घरों से बाहर निकल आए। तब तक बच्ची के परिजन भी आ गए। घरवालों को देखकर बच्ची जोर–जोर से रोने लगी और बताया कि अंकल मुझे जबरदस्ती दुकान में खींच लिए। घरवालों के साथ मोहल्ले के लोगों ने यह बात सुनी तो वह आक्रोशित हो उठे। उन्होंने दुकानदार को पीटना शुरू कर दिया। उसे घेरकर जमकर पीटा। सूचना पर पुलिस पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाने गई। जहां बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए और आरोपी पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत कराया और बच्ची के घरवालों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक धनंजय पांडेय ने बताया कि आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है।

# स्मार्ट मीटर पर रोक और गैस के दामों में कटौती को लेकर सौंपा ज्ञापन

सुलतानपुर (आरएनएस )। जिला कांग्रेस कमेटी सुलतानपुर ने जन समस्याओं को लेकर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजकर स्मार्ट मीटर लगाए जाने पर रोक लगाने और घरेलू गैस की बढ़ी कीमतों को कम करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों से आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है। महंगाई के कारण मध्यम वर्ग व गरीब परिवारों का बजट बिगड़ गया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा की ओर से भेजे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि घरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों की रीडिंग सही नहीं आ रही है और उपभोक्ताओं से अधिक बिजली बिल वसूला जा रहा है। बिना समुचित जांच के कई उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे जाने का भी आरोप लगाया गया है। साथ ही कहा गया है कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने से मीटर रीडरों के रोजगार पर भी संकट खड़ा हो गया है। ज्ञापन में घरेलू रसोई गैस की कमी और बढ़ी कीमतों का मुद्दा भी उठाया गया है। कांग्रेस ने मांग की है कि घरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों की स्थापना पर तत्काल रोक लगाई जाए, स्मार्ट मीटर बनाने व लगाने वाली कंपनियों को ब्लैकलिस्ट किया जाए, मीटर रीडरों की सेवा सुरक्षित रखी जाए तथा घरेलू व व्यावसायिक गैस की उपलब्धता सुनिश्चित कर बढ़ी कीमतों को कम किया जाए। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि 10 दिनों के भीतर मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी को धरना, घेराव और प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# आजाद पार्टी ने जनसमस्याओं को लेकर राज्यपाल को संबोधित 15 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

कादीपुर, सुल्तानपुर (आरएनएस )। आजाद पार्टी ने जनसमस्याओं को लेकर प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल से संबोधित 15 सूत्रीय प्रमुख मांग पत्र ज्ञापन एसडीएम कादीपुर उत्तम तिवारी को सौंपा। आजाद पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बस अड्डे से होकर सरदार पटेल चौक होते हुए तहसील मुख्यालय तक प्रदर्शन किया। 15 सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप से किसानों के हदबरारी, थानों, तहसीलों, ब्लाकों में तैनात अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा अनियमितता, पूर्ति निरीक्षक कार्यालय, रजिस्ट्री कार्यालय व गौशालाओं में व्याप्त व्यापक भ्रष्टाचार, कोर्ट द्वारा रिहाई आदेश में तहसील व थाने से सत्यापन में हो रही धांधली के मामलों को उठाया गया है। इसके अलावा कृषकों के दैवीय आपदा में नष्ट हो रही फसलों पर मुआवजा देने, ग्राम पंचायतों में कर्मचारियों की शत प्रतिशत उपस्थिति, अनियमितता के चलते जन्म प्रमाण पत्र जारी किए जाने में आ रही दिक्कतें व आधार कार्ड बनवाने में आसानी हो इसके लिए डाक घर के अलावा अन्य सरकारी व प्राइवेट संस्थानों को अधिकृत किए जाने को लेकर जोर दिया गया है। आजाद पार्टी द्वारा आयोजित प्रदर्शन व ज्ञापन कार्यक्रम में प्रमुख रूप पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश लाल उर्फ गौरीशंकर उपाध्याय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप मिश्र, यूपी के प्रदेश अध्यक्ष कुमुद कृष्ण वर्मा, जिलाध्यक्ष सुल्तानपुर मकसूद आलम खान, अम्बेडकर नगर प्रभारी रमापति तिवारी, तहसील अध्यक्ष कादीपुर गिरीशचंद्र मिश्र, श्याम बहादुर, मंगला प्रसाद, जियाराम पाल, सभाजीत, खुर्शीद, मिठाई लाल, रघुनाथ, विक्रमाजीत, सुल्ले गौतम, सुधीर दूबे, राम शब्द, पुष्पा देवी, विपिन कुमार उपाध्याय, सुनील श्रीवास्तव, महेंद्र उपाध्याय, रवि प्रकाश उपाध्याय, राम प्रवेश व नन्हकऊ आदि मौजूद रहे।

# भव्य रूप से मनाया जाएगा भगवान परशुराम प्रगट उत्सव, तैयारियों में जुटा संगठन

सुल्तानपुर (आरएनएस )। भगवान परशुराम प्रगट उत्सव को भव्य रूप देने के लिए परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक रजि.संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तैयारियों में जोर–शोर से जुट गए हैं। आगामी 19 अप्रैल अक्षय तृतीया दिन रविवार को जिला मुख्यालय स्थित डीएम आवास के पास बने परशुराम चौक पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रगट उत्सव समारोह धूम–धाम से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संगठन स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन स्थल की साफ–सफाई, सजावट और कार्यक्रम की रूप रेखा को लेकर लगातार बैठकें की जा रही हैं। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुमार तिवारी एवं जिला संयोजक उदय प्रकाश मिश्रा ने ब्राह्मण समाज सहित सभी श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान परशुराम प्रगट उत्सव कार्यक्रम को सफल बनाएं और आयोजन की गरिमा बढ़ाएं।

# पत्रकार नरेन्द्र भारद्वाज आइजेयू के राष्ट्रीय सचिव पद पर हुए निर्वाचित, पत्रकारों में दौड़ी हर्ष की लहर

**-विजयबाड़ा मे आयोजित 11वीं प्लेनरी बैठक मे मिली जिम्मेदारी, 27 राज्यों के पत्रकारों ने लिया था भाग**

**-पत्रकारों के हितार्थ हमेशा संघर्ष रहेगा जारी-नरेन्द्र भारद्वाज**

(मथुरा)(ए.के.शर्मा

इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन (आईजेयू) की विजयवाड़ा में आयोजित 3 दिवसीय 11वीं प्लेनरी बैठक में उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के मथुरा इकाई जिलाध्यक्ष नरेन्द्र भारद्वाज राष्ट्रीय सचिव के महत्वपूर्ण पद पर निर्वाचित हुए हैं जिससे प्रदेश व मथुरा जनपद के पत्रकारों में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी है। शाहजहांपुर के वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र सिंह भी राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य के पद पर निर्वाचित हुए हैं आंध्रप्रदेश राज्य के विजयवाड़ा में आयोजित आइजेयू के 11वें प्लेनरी सत्र का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने किया जिसमें यूनियन से संबद्ध देश भर के 27 राज्यों के पत्रकारों ने भाग लिया। यूनियन के चुनाव अधिकारी वरिष्ठ पत्रकार एम ए मजीद ने चुनाव परिणामों की घोषणा करते हुए नई केंद्रीय कमेटी के निर्वाचित पदाधिकारियों को जिम्मेदारी से अवगत कराया। नरेन्द्र भारद्वाज के आइजेयू में राष्ट्रीय सचिव निर्वाचित होने पर स्थानीय पत्रकारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कहा हमेशा पत्रकार हितों के लिए अग्रिम पंक्ति में खड़े रहे हैं। उन्होंने न केवल पत्रकारों की समस्याओं को मजबूती से उठाया, बल्कि संगठन को सशक्त बनाने और पत्रकारों को एकजुट रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रदेश महामंत्री रमेश शंकर पांडेय ने कहा कि मथुरा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र भारद्वाज को आइजेयू का राष्ट्रीय सचिव व शाहजहांपुर से वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र सिंह को कार्यसमिति सदस्य चुने जाने से प्रदेश व मथुरा के पत्रकारों को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त प्रतिनिधित्व मिलने की उम्मीद जगी है। इसे प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। सम्मेलन में मथुरा से जिला महासचिव रमेश चंद, वरिष्ठ पत्रकार अजय शर्मा, मोहन मीना, बी एल पांडेय व आबिद ने भाग लिया।



# ग्राम सभा की जमीन पर भू-माफियाओं का कब्जा, उच्च न्यायालय में शिकायत

सुल्तानपुर। तहसील कादीपुर के ग्राम नारा मधईपुर में ग्राम सभा की सरकारी जमीन पर भू–माफियाओं ने कब्जा कर लिया है। आरोप है कि यह कब्जा लेखपाल के संरक्षण में हुआ, जबकि स्थानीय प्रशासन 'जीरो टॉलरेंस' नीति का दावा कर रहा है। न्याय न मिलने पर प्रार्थी परेशान होकर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम नारा मधईपुर की ग्राम सभा की जमीन पर कुछ भूमाफिया तत्वों ने अवैध कब्जा कर लिया। कब्जा करने वाले लेखपाल की मिलीभगत से काम कर रहे थे। स्थानीय स्तर पर शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रार्थी ने बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों से गुहार लगाई। लेकिन हर बार उन्हें टाला गया। परेशान होकर प्राथी को अंततः उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर न्याय की गुहार लगानी पड़ी। प्रार्थी ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर करते हुए कहा कि लेखपाल के संरक्षण में भू–माफियाओं ने ग्राम सभा की जमीन पर कब्जा कर रखा है। स्थानीय प्रशासन जीरो टॉलरेंस की नीति का दिखावा तो कर रहा है, लेकिन जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। मैं परेशान होकर उच्च न्यायालय पहुंचा हूं। स्थानीय स्तर पर इस मामले को लेकर ग्रामीणों में भी रोष है। कई लोगों का कहना है कि अगर लेखपाल और भू–माफियाओं के गठजोड़ पर अंकुश नहीं लगा तो ग्राम सभा की सारी जमीनें निजी कब्जे में चली जाएंगी। लेकिन ग्राम नारा मधईपुर का यह मामला स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता को उजागर करता नजर आ रहा है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम 'ललितोत्सव'-2026 का आयोजन

सुलतानपुर (आरएनएस )। कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान में आज सांस्कृतिक कार्यक्रम 'ललितोत्सव'–2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा.शक्ति सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्रों की वैविध्यपूर्ण प्रतिभा को रेखांकित करता है। यह कार्यक्रम संस्थान की शैक्षिक, सामाजिक गतिविधियों के साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी एक बृहत् प्लेटफॉर्म है। इस अवसर पर बोर्ड आफ गवर्नेंस के अध्यक्ष प्रोफेसर राधेश्याम सिंह ने कहा कि कमला नेहरू संस्थान ने शैक्षिक संस्कृति विकसित करने के साथ ही सांस्कृतिक उपलब्धि को भी प्राप्त किया है। ललितोत्सव छात्रों को सांस्कृतिक क्रियाकलाप से संपृक्त करता है। इस अवसर पर विभिन्न संकाय के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में 'अपना सुल्तानपुर' की थीम पर बी.एस.सी. बायो, चतुर्थ सेमेस्टर की समीक्षा एवं खुशी को प्रथम स्थान, काजल एवं शगुन, बी.एस.सी. द्वितीय सेमेस्टर को द्वितीय स्थान तथा बी.एस.सी. बायो षष्ठम् सेमेस्टर की अंशिका अग्रहरि, नन्दिनी, अंशिका को तथा एम.एस.सी. मैथ्स द्वितीय सेमेस्टर की निधि गुप्ता और आंचल को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। रंगोली प्रतियोगिता की निर्णायक प्रोफेसर प्रतिमा सिंह रहीं। इस अवसर पर 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता – उपयोग एवं दुरूपयोग' विषय पर निबन्ध लेखन का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में एम.एस.सी. जन्तु विज्ञान द्वितीय सेमेस्टर के निखिल ने प्रथम स्थान, बी.एड. द्वितीय




सेमेस्टर की आरूषि पटेल ने द्वितीय स्थान तथा बी.काम द्वितीय सेमेस्टर की स्नेहा यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ललितोत्सव–2026 में संकाय स्तर पर प्रथम स्थान विज्ञान संकाय का, द्वितीय स्थान कला संकाय का, तृतीय स्थान वाणिज्य संकाय और चतुर्थ स्थान कृषि संकाय का रहा। कार्यक्रम के निर्णायक मण्डल में प्रोफेसर बिहारी सिंह, प्रोफेसर ललित द्विवेदी एवं प्रोफेसर प्रतिमा सिंह रहीं। आयोजन सचिव प्रोफेसर रंजना सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान और छात्रों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

# बेलहरी गांव में दो पक्षों में हिंसक झड़प, कई घायल

सुल्तानपुर। मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के बेलहरी गांव में बुधवार रात पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। लाठी–डंडों और धारदार हथियारों से हुए संघर्ष में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जिससे गांव में तनाव फैल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर भी हमला हुआ, जिसमें चौकी प्रभारी शिव बहादुर सिंह और एक कांस्टेबल घायल हो गए। कई थानों की फोर्स पहुंचने के बाद हालात काबू में आए। पुलिस ने दोनों पक्षों के 17 नामजद और 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर कई लोगों को हिरासत में लिया है। गांव में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

## हादसे में पुलिस उपनिरीक्षक घायल

जौनपुर(आरएनएस )। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मातापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास गुरुवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक पुलिस उपनिरीक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया। जफराबाद थाने में तैनात 48 वर्षीय एसआई संतोष कुमार दुबे पुत्र मकसूदन दुबे, निवासी ग्राम काझा थाना रानीपुर जनपद मऊ, गुरुवार सुबह ड्यूटी के लिए पुलिस लाइन जा रहे थे।बताया जा रहा है कि सुबह करीब 10 बजे जैसे ही वह मातापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंचे, तभी अचानक सामने एक साइकिल सवार आ गया। उसको बचाने के प्रयास में एसआई की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल एसआई को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।चिकित्सकों के अनुसार एसआई की हालत पर लगातार नजर रखी जा रही है। वहीं इस घटना के बाद पुलिस महकमे में चिंता का माहौल बना हुआ है।

## रेलवे ट्रैक पर मिली किशोरी की लाश

जौनपुर(आरएनएस )। सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के केवटली कला गांव में बुधवार की रात रेलवे ट्रैक पर मिली अज्ञात किशोरी की लाश की पहचान हो गई है। किशोरी प्रतापगढ़ जनपद के थाना आसपुर देवसरा क्षेत्र के ग्राम नगर ढकवा गांव की रहने वाले गया प्रसाद गुप्ता की पुत्री श्रद्धा गुप्ता के रूप में हुई है। परिवार जनों के अनुसार श्रद्धा के सिर में लगभग 10 दिन पूर्व में चोट लगी हुई थी तभी से उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और उसने ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दिया था। फिलहाल पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की छानबीन करने में जुट गई।

## प्राथमिक शिक्षा बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव

जौनपुर(आरएनएस )। विकासखंड करंजकला क्षेत्र के लाडलेपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में गुरूवार को वार्षि आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।मुख्य अतिथि के आगमन पर बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्राथमिक शिक्षा बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव होती है। उन्होंने अभिभावकों व शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराएं और विद्यालय की उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षकगण गांव के मजरे–मुजरों में जाकर लोगों से मिलें और नामांकन अभियान को सफल बनाएं।

## विश्वविद्यालय के पांच छात्रों का टोयोटा में चयन

जौनपुर(आरएनएस )। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पांच विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनी टोयोटा से संबद्ध एसएनजे टोयोटा में हुआ है। गुरुवार को कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को कंपनी द्वारा दिए गए ऑफर लेटर को विद्यार्थियों को प्रदान किया। चयनित छात्रों में एमसीए प्रथम वर्ष की शिवानी मिश्रा को कस्टमर रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव के पद पर चुना गया है।

## श्रद्धा के साथ मनाई गयी हनुमत जयन्ती

जौनपुर(आरएनएस )। भगवान शिव के ग्यारवें रुद्र अवतार एवं भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी की जयंती श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। इस दौरान मंदिरों में सुबह से ही पूजा अर्चना के साथ हनुमान चालीसा, सुंदर कांड, बजरंग बाण व हनुमाष्टक का पाठ किया गया। 'जय हनुमान ज्ञान गुन सागर' के जयकारे से समूचा माहौल गूंज रहा था। मंदिरों पर हनुमान जी की पूजा अर्चना के साथ ही प्रसाद का वितरण किया गया एवं भंडारों का आयोजन हुआ। बड़े हनुमान जी सिपाह, कोतवाली चौराहा स्थित हनुमान मन्दिर, बीआरपी इण्टर कालेज के पास हनुमान मन्दिर, मारूति मन्दिर टीडी कालेज आदि स्थानों पर सुबह से रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा श्री हनुमान का पूजन अर्चन किया गया और श्री हनुमान को 56 भोग लगाए गए। इसके अलावा शहर भर के हनुमान मंदिरों में विशेष पूजन अर्चन का आयोजन हुआ। इस मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। शहर भर में जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसाद ग्रहण करने को दिन भर पंक्तियां लगी श्री हनुमान को पूड़ी, सब्जी व हलुआ का भोग लगाने के बाद भंडारे की शुरूआत की गई।

## ससुराल में युवक की मौत

जौनपुर(आरएनएस )। नेवढ़िया थाना क्षेत्र के दूहावर गांव में ससुराल आए एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। भदोही जनपद के फूलपुर निवासी करीब 30 वर्षीय जितेंद्र कुमार चौहान अपनी ससुराल दूहावर गांव आए हुए थे, जहां उनकी साली की शादी की तैयारियां चल रही थीं। बताया जा रहा है कि ससुराल पक्ष की मांग पर उन्होंने एक लाख रुपये की व्यवस्था कर दी थी।बुधवार देर रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने की बात कहकर ससुराल पक्ष के लोग उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों को शव पर चोट के निशान मिलने के बाद मामला संदिग्ध मानते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।घटना की सूचना पर पहुंचे मृतक के पिता और भाई ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह–तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

## चाकू घोंपने से युवक मरणासन्न

जौनपुर(आरएनएस )। खेता सराय थाना क्षेत्र के अमरेथूवा गांव में षराब पीने से मना करने पर दबंगों ने चाकू मारकर युवक को मरणासन्न कर दिया। बताया गया है कि उक्त गांव निवासी 30 वर्षीय संदीप कुमार राजभर पुत्र स्व0 राम अधार गांव में ही अपने साथियों के साथ बैठा था कि उसी समय बात बात पर कहासुनी हो गई। इतने में उसके साथ रहे युवक ने अपनी जेब से चाकू निकाल कर उसके पेट के दाहीने तरफ मार दिया दिया। इतने में वहां अफरातफरी और भगदड़ मच गय ौके पर पहुंचे कुछ लोग उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंच गए। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने उसकी बिगड़ती हालत को देखकर बेहतर उपचार के लिए वाराणसी बीएचयू रेफर कर दिया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महज 24 घंटे के भीतर पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 2 अप्रैल को सोंगर पुलिया के पास से पांचों नामजद आरोपियोंकृसचिन राजभर, विकास राजभर उर्फ भोलू, विकास राजभर उर्फ विकेश, आदित्य राजभर व अमर राजभर उर्फ गोरेलालकृको गिरफ्तार कर लिया।

# जलपान बजट में 12 लाख रुपये की हेराफेरी

जौनपुर (आरएनएस )। यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के दौरान परीक्षकों के जलपान बजट में कथित हेराफेरी का मामला सामने आया है। माध्यमिक शिक्षक संघ की शिकायत के बाद जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने मुख्य कोषाधिकारी को जांच अधिकारी नियुक्त किया है।अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) डॉ. राकेश कुमार ने भी एक तीन सदस्यीय टीम गठित की है। इस टीम में एडीआईओएस राजेश कुमार यादव, अभिषेक कुमार सिंह और एक वित्त एवं लेखाधिकारी शामिल हैं। टीम को दो दिन के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।डीआईओएस ने सभी उपनियंत्रकों से तीन बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा है। इसमें मूल्यांकन कार्य में लगे परीक्षकों की तिथिवार उपस्थिति, जलपान व्यवस्था का तिथिवार विवरण और इस पर हुए व्यय की तिथिवार रिपोर्ट शामिल है। शिक्षक नेताओं ने बीते 30 मार्च को जिलाधिकारी से मुलाकात कर इस मामले में शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि मूल्यांकन केंद्रों पर जलपान और शुद्ध पेयजल के नाम पर 12 दिनों के भीतर लगभग 12 लाख रुपये की हेराफेरी की गई है।डीआईओएस डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि शासन के निर्देशों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि परीक्षकों के जलपान की राशि का दुरुपयोग पाया जाता है, तो दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने भी दो दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने की बात दोहराई।

# कैम्प में 14 वृद्धों का आयुष्मान कार्ड बनवाया

जौनपुर(आरएनएस )। ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार, को रामपुर ब्लॉक के परमालपुर (देहुवा) ग्राम पंचायत में कन्वर्जेन्स कैंप का आयोजन किया गया। यह शिविर महिला विकास संस्थान, और वेल्सपन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।शिविर में खासतौर पर बुजुर्गों को केंद्र में रखते हुए आयुष्मान भारत योजना के तहत पंजीकरण किया गया। कैंप के दौरान 70 वर्ष से अधिक उम्र के 14 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। आयोजकों ने बताया कि गांव में पहले से ही बड़ी संख्या में बुजुर्गों के कार्ड बन चुके हैं, जिससे उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।कार्यक्रम में मौजूद विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज सरकारी व सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में उपलब्ध कराया जाता है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को गंभीर बीमारियों के इलाज में बड़ी राहत मिल रही है।सीएससी संचालक अजय कुमार ने बताया कि आयुष्मान योजना गरीबों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि "अब गांव के बुजुर्गों को इलाज के लिए आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़ रहा है। परमालपुर (देहुवा) में लगभग सभी पात्र बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं।"

# बुजुर्गों के भरण-पोषण के लिये एक सराहनीय पहल

तेलंगाना का यह कानून एक महत्वपूर्ण पहल है, लेकिन यह अंतिम समाधान नहीं है। कानून बच्चों को माता–पिता का भरण–पोषण करने के लिए मजबूर कर सकता है, लेकिन वह प्रेम, सम्मान और संवेदना पैदा नहीं कर सकता। इसके लिए समाज में नैतिक शिक्षा, पारिवारिक संस्कार और सामाजिक जागरूकता की आवश्यकता है।भारतीय संस्कृति में माता–पिता को देवतुल्य माना गया है– "मातृदेवो भव, पितृदेवो भव" केवल शास्त्रों की पंक्ति नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक संरचना की आत्मा रही है। इसलिए यह किसी भी सभ्य समाज के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है कि जन्म देने और पालन–पोषण करने वाले माता–पिता को जीवन की सांझ में उपेक्षा, अपमान और आर्थिक असुरक्षा का सामना करना पड़े, और उन्हें अपने ही बच्चों से गुजारा भत्ता पाने के लिए कानून और प्रशासन का सहारा लेना पड़े। दुर्भाग्य से यह आज के समय की कठोर वास्तविकता बनती जा रही है। बुढ़ापा अपने आप में एक बड़ी चुनौती है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर की क्षमताएं कम होने लगती हैं, बीमारियां बढ़ने लगती हैं और आय के स्रोत लगभग समाप्त हो जाते हैं। सेवानिवृत्ति के समय जो थोड़ी बहुत जमा–पूंजी होती है, वह बच्चों की पढ़ाई, शादी–ब्याह और मकान बनाने में खर्च हो जाती है। सरकारी नौकरी करने वालों को पेंशन मिल भी जाती है, लेकिन निजी क्षेत्र या छोटे व्यवसाय से जुड़े लोगों की स्थिति अधिक कठिन हो जाती है। ऐसे समय में यदि बच्चे ही माता–पिता की देखभाल न करें तो यह केवल पारिवारिक विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक अपराध की श्रेणी में आता है।इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए तेलंगाना विधानसभा द्वारा पारित "तेलंगाना कर्मचारी जवाबदेही और माता–पिता सहायता निगरानी विधेयक 2026" एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल के रूप में सामने आया है। इस विधेयक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यदि बच्चे अपने माता–पिता की देखभाल नहीं करते, तो उनके वेतन से एक निश्चित राशि काटकर माता–पिता को दी जाए। यह कानून सरकारी कर्मचारियों के साथ–साथ निजी क्षेत्र के कर्मचारियों, सांसदों, विधायकों और स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधियों पर भी लागू होगा। इस प्रकार यह कानून केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी को कानूनी रूप देने का प्रयास है। हालांकि भारत में पहले से "माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण–पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007" मौजूद है, लेकिन तेलंगाना का यह नया विधेयक अधिक व्यापक, संवेदनात्मक और प्रभावी माना जा रहा है। इसमें प्रावधान है कि यदि बच्चे माता–पिता की देखभाल नहीं करते, तो शिकायत मिलने पर उनके वेतन से पंद्रह प्रतिशत या दस हजार रुपये (जो भी कम हो) काटकर माता–पिता के खाते में जमा किए जाएंगे। शिकायत का निस्तारण जिला कलेक्टर द्वारा साठ दिनों के भीतर



किया जाएगा और इसके लिए वरिष्ठ नागरिक आयोग का गठन भी किया जाएगा। इस कानून का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि इसमें केवल जैविक माता–पिता ही नहीं, बल्कि सौतेले माता–पिता भी शिकायत कर सकते हैं। यह कानून इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आज भारतीय परिवार व्यवस्था तेजी से बदल रही है। संयुक्त परिवार टूटकर एकल परिवार में बदल चुके हैं और अब तो एक व्यक्ति परिवार की अवधारणा भी विकसित हो रही है। करियर की दौड़, आर्थिक दबाव, शहरी जीवनशैली, सुविधावाद और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बढ़ती भावना ने परिवार की पारंपरिक संरचना को कमजोर किया है। कई बार माता–पिता को घर से निकालकर वृद्धाश्रम भेज दिया जाता है, और यदि घर में रख भी लिया जाए तो उन्हें उपेक्षा, तिरस्कार और मानसिक पीड़ा सहनी पड़ती है। उनकी दवाइयों, भोजन और देखभाल तक में लापरवाही बरती जाती है। ऐसी परिस्थितियों में यह प्रश्न उठता है कि क्या माता–पिता की सेवा केवल संस्कारों से सुनिश्चित की जा सकती है या इसके लिए कानून की भी आवश्यकता है? आदर्श स्थिति में तो संस्कार ही पर्याप्त होने चाहिए। भारतीय इतिहास और परंपरा में माता–पिता की सेवा के अनेक प्रेरक उदाहरण मिलते हैं। श्रवण कुमार का उदाहरण तो भारतीय संस्कृति में आदर्श पुत्र का प्रतीक बन चुका है, जिसने अपने अंधे माता–पिता को कंधे पर बैठाकर तीर्थ यात्रा करवाई। इसी प्रकार भगवान श्रीराम ने पिता के वचन को निभाने के लिए राजपाट छोड़कर वनवास स्वीकार किया। यह केवल धार्मिक कथाएं नहीं, बल्कि भारतीय समाज की नैतिक संरचना के आदर्श हैं।इतिहास में छत्रपति शिवाजी, महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद जैसे अनेक व्यक्तित्वों के जीवन में भी माता–पिता के प्रति गहरी श्रद्धा और सम्मान देखने को मिलता है। इससे स्पष्ट होता है कि माता–पिता के प्रति सम्मान और सेवा भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा रही है। लेकिन आज जब संस्कार कमजोर हो रहे हैं, तब समाज को कानून का सहारा लेना पड़ रहा है। लेकिन इस पूरे विषय को केवल एकतरफा दृष्टि से देखना भी उचित नहीं होगा। यह भी एक सच्चाई है कि कई बार माता–पिता भी बच्चों के प्रति अत्यधिक अनुशासन, नियंत्रण और अपेक्षाओं का दबाव बनाते हैं। वे चाहते हैं कि बच्चे हमेशा उनकी इच्छाओं के अनुसार ही जीवन जिएं, अपने निर्णय स्वयं न लें, विवाह, करियर, जीवनशैली हर चीज में माता–पिता की इच्छा सर्वोपरि रहे। कई बार माता–पिता बच्चों की निजी जिंदगी में अत्यधिक हस्तक्षेप करते हैं, जिससे परिवार में तनाव उत्पन्न होता है। ऐसी परिस्थितियों में बच्चों और माता–पिता के बीच दूरी बढ़ जाती है और पारिवारिक वातावरण तनावपूर्ण हो जाता है।इसलिए समस्या का समाधान केवल कानून नहीं है, बल्कि परिवार के भीतर संतुलन, संवाद और समझ भी उतनी ही आवश्यक है। बच्चों को यह समझना चाहिए कि माता–पिता ने उनके लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया है, इसलिए बुढ़ापे में उनकी सेवा और सम्मान उनका नैतिक कर्तव्य है। वहीं माता–पिता को भी यह समझना चाहिए कि समय बदल गया है, नई पीढ़ी की जीवनशैली और सोच अलग है, इसलिए उन्हें बच्चों को समझने और उन्हें स्वतंत्रता देने की आवश्यकता है। वास्तव में परिवार एक संस्था है, जो प्रेम, त्याग, सम्मान और संवाद पर चलती है, न कि केवल अधिकार और अनुशासन पर। जहां केवल अधिकार होंगे, वहां टकराव होगाय जहां केवल त्याग होगा, वहां असंतुलन होगाय लेकिन जहां प्रेम और संतुलन होगा, वहां परिवार मजबूत होगा। तेलंगाना का यह कानून एक महत्वपूर्ण पहल है, लेकिन यह अंतिम समाधान नहीं है। कानून बच्चों को माता–पिता का भरण–पोषण करने के लिए मजबूर कर सकता है, लेकिन वह प्रेम, सम्मान और संवेदना पैदा नहीं कर सकता। इसके लिए समाज में नैतिक शिक्षा, पारिवारिक संस्कार और सामाजिक जागरूकता की आवश्यकता है। स्कूलों में, सामाजिक संस्थाओं में और धार्मिक संगठनों में परिवार और बुजुर्गों के सम्मान की शिक्षा दी जानी चाहिए। आज "नया भारत" और "विकसित भारत" की बात की जा रही है, लेकिन केवल आर्थिक विकास ही पर्याप्त नहीं है। यदि समाज में बुजुर्ग असुरक्षित, उपेक्षित और अपमानित होंगे, तो विकास अधूरा रहेगा। वास्तविक विकास वही है जिसमें समाज का हर वर्ग–बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सुरक्षित और सम्मानित जीवन जी सकें। अतः आवश्यक है कि हम तीन स्तरों पर कार्य करें–पहला, सरकार और कानून बुजुर्गों की आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करें। दूसरा, समाज में माता–पिता के सम्मान और सेवा के संस्कार विकसित किए जाएं। तीसरा, परिवार के भीतर माता–पिता और बच्चों के बीच संतुलित और संवादपूर्ण संबंध स्थापित किए जाएं। यदि ये तीनों स्तर मजबूत हो जाएं, तो न केवल बुजुर्गों का जीवन सुरक्षित और सम्मानजनक होगा, बल्कि परिवार संस्था भी मजबूत होगी और समाज में मानवीय संवेदनाएं जीवित रहेंगी।

# सम्पादकीय

## डेमोग्रैफिक डिविडेंड गंवा देने का खतरा

जो देश अपनी युवा श्रमशक्ति का पूरा उपयोग नहीं कर पाते, उनके संबंध में आम समझ है कि वे धनी होने से पहले बूढ़ा हो जाते हैं। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत पर डेमोग्रैफिक डिविडेंड गंवा देने का खतरा मंडरा रहा है। युवा आबादी के संभावित लाभ को भारत गंवाने जा रहा है– यह निष्कर्ष है अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के श्भारत में कामकाज की स्थिति–2026य रिपोर्ट का। इसके मुताबिक 2030 में युवा आबादी (15– 29 वर्ष) अपनी चरम संख्या पर पहुंच जाएगी। उसके बाद इसमें गिरावट आने लगेगी। फिलहाल 36.7 करोड़ युवा इस उम्र वर्ग में हैं, जो कुल कामकाजी उम्र की आबादी का एक तिहाई हिस्सा है। मगर उनमें से 26.3 करोड़ ना शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, ना रोजगार में हैं। अतरू उनके श्रमशक्ति का हिस्सा बनने की संभावना नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, श्आने वाले दशक में युवा पीढ़ी के लिए रोजगार सृजन की गति यह तय करेगी कि डेमोग्रैफिक डिविडेंड आर्थिक लाभ में तब्दील होता है या नहीं। मगर रोजगार की सूरत यह है कि सिर्फ सात प्रतिशत पुरुष स्नातकों को डिग्री लेने के बाद पहले साल में नियमित वेतन वाली नौकरी मिल पाती है। ह्वाइट कॉलर जॉब्स की बात करें, तो यह संख्या महज 3.7 फीसदी है। तो रिपोर्ट में कहा गया है– श्ये संख्याएं चिंताजनक सूरत की झलक हैं। सुरक्षित ह्वाइट कॉलर जॉब ढूंढना अत्यधिक दुर्लभ घटना बनी हुई है।य वैसे चिंताजनक अनेक अन्य आंकड़े भी रिपोर्ट में हैं। उनमें एक बेरोजगार स्नातकों की विस्फोटक ढंग से बढ़ती गई संख्या है। 2004 में 30 लाख स्नातक बेरोजगार थे। यह संख्या 2011 में 40 लाख पहुंच गई।

2011–17 में इसमें बेहद तेज रफ्तार से बढ़ोतरी हुई। 2023 तक ये तदाद एक करोड़ 10 लाख तक पहुंच चुकी थी।

## भाजपा को मिली कामयाबी

बिहार में नीतीश कुमार का शासन नरेंद्र मोदी के लिए दुखती रग की तरह था। आखिर नीतीश एनडीए के इकलौते नेता थे, जिन्होंने 2013 में मोदी को एनडीए की चुनाव समिति का प्रमुख और बाद में प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाए जाने का विरोध करते हुए एनडीए छोड़ा था। इसके बाद वे अकेले चुनाव लड़े और मोदी ने रामविलास पासवान और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी से तालमेल करके चुनाव लड़ा। उस चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। उसने अकेले 243 सीटें मिलीं और एनडीए ने 32 सीटें जीतीं। नीतीश कुमार की पार्टी दो सीटों पर सिमट गई। तो मोदी को लगा कि उन्होंने नीतीश को हैसियत दिखा दी। नीतीश को भी हकीकत का अहसास हुआ तो उन्होंने 2015 के विधानसभा चुनाव में अपने धुर विरोधी लालू प्रसाद और कांग्रेस से तालमेल कर लिया। नवंबर 2015 से पहले होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले जुलाई के महीने में नरेंद्र मोदी बतौर प्रधानमंत्री बिहार के मुजफ्फरपुर में एक सभा करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने नीतीश कुमार के डीएनए पर सवाल उठाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि नीतीश के डीएनए में गड़बड़ी है। इसके चार महीने के बाद चुनाव में नीतीश और लालू की जोड़ी ने भाजपा और उसके सहयोगियों को बुरी तरह से हराया। मोदी प्रधानमंत्री थे और अमित शाह राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा गठबंधन को बिहार की 243 में से सिर्फ 59 सीटें मिलीं। इस हार ने मोदी और शाह को मजबूर किया कि वे नीतीश के साथ फिर से तालमेल करें। झक्ख मार कर उन्हें नीतीश को एनडीए में लाना पड़ा और मुख्यमंत्री बनाना पड़ा। मोदी और शाह की नीतीश के प्रति कैसी कुंठा या खुन्नस थी यह 2020 के चुनाव में फिर दिखा। डीएनए पर सवाल उठाने के बाद वाले चुनाव में भाजपा ने नीतीश को निपटाने का पूरा प्लान बनाया और चिराग पासवान को गठबंधन से अलग चुनाव लड़वाया। चिराग को सारे संसाधन भाजपा ने दिए यहां तक कि ज्यादातर उम्मीदवार भी भाजपा ने ही दिए, जो बाद में फिर भाजपा में लौट आए। चिराग को चुनाव नहीं जीतना था, बल्कि नीतीश को हरवाना था। इसमें काफी हद तक कामयाबी मिली। लेकिन नतीजे भाजपा के मनमाफिक नहीं आए। नीतीश तो 43 ही सीट जीत पाए लेकिन दूसरे ओर राजद 75 सीट जीत कर सबसे बड़ी पार्टी बन गई। महागठबंधन को 110 सीटें मिल गईं। सो, फिर मजबूरी हो गई कि नीतीश को सीएम बनाया जाए। हालांकि इसके बावजूद भाजपा को हैसियत दिखाने के लिए नीतीश एक बार फिर राजद के साथ जाकर सरकार बनाई। उन्होंने विपक्षी पार्टियों को एकजुट किया और श्इंडियाय ब्लॉक का गठन भी कराया। फिर मजबूरी में भाजपा को नीतीश कुमार की वापसी करानी पड़ी और बराबर सीटें देकर समझौता करना पड़ा।

भाजपा को नीतीश का शुक्रगुजार होना चाहिए था कि उनकी वजह से बिहार में एनडीए को लोकसभा में 30 सीटें मिलीं और विधानसभा में 202 सीटों का प्रचंड बहुमत मिला। लेकिन 2013 से ही नीतीश को खत्म करने की ग्रंथि पाले भाजपा नेताओं ने शुक्रगुजार होने की बजाय पहला मौका मिलते ही उनको निपटा दिया।

# होर्मुज संकट से बेहाल दुनिया को चीन की ऊर्जा नीति से सीख लेनी चाहिए

सबसे बड़ा बदलाव चीन के इलेक्ट्रिक वाहन अभियान में दिखता है। जहां 2020 में लक्ष्य रखा गया था कि 2025 तक नए वाहनों में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी इलेक्ट्रिक वाहनों की होगी, वहीं यह आंकड़ा अपेक्षा से कहीं आगे निकल गया और आधे से ज्यादा नई गाड़ियां इलेक्ट्रिक हो गईं। वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच एक सख्त सच्चाई उभर कर सामने आ रही है। होर्मुज जलडमरूमध्य पर मंडराते खतरे ने पूरी दुनिया की सांसें रोक दी हैं, लेकिन इस उथल पुथल के बीच चीन एक अलग ही खेल खेलता नजर आ रहा है। जहां एशिया के कई देश ऊर्जा बचाने की अपील कर रहे हैं, वहीं चीन आत्मविश्वास से भरा हुआ है और दावा कर रहा है कि उसके पास ऊर्जा का पर्याप्त रणनीतिक भंडार है।दरअसल, यह आत्मविश्वास यूं ही नहीं आया। चीन ने पिछले कई वर्षों में एक ऐसी रणनीति तैयार की है जिसने उसे वैश्विक तेल आपूर्ति के झटकों से काफी हद तक सुरक्षित बना दिया है। जब दुनिया तेल के लिए समुद्री मार्गों पर निर्भर है, चीन ने अपनी निर्भरता को योजनाबद्ध तरीके से कम किया है।सबसे बड़ा बदलाव चीन के इलेक्ट्रिक वाहन अभियान में दिखता है। जहां 2020 में लक्ष्य रखा गया था कि 2025 तक नए वाहनों में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी इलेक्ट्रिक वाहनों की होगी, वहीं यह आंकड़ा अपेक्षा से कहीं आगे निकल गया और आधे से ज्यादा नई गाड़ियां इलेक्ट्रिक हो गईं। इसका सीधा असर यह हुआ कि चीन की तेल खपत अब स्थिर होने लगी है।आंकड़े बताते हैं कि केवल इलेक्ट्रिक वाहनों के कारण जितना तेल बचा है, वह लगभग उतना ही है जितना चीन सऊदी अरब से आयात करता था। यह बदलाव मामूली नहीं है, बल्कि यह ऊर्जा भू राजनीति की दिशा बदलने वाला संकेत है।चीन की दूसरी सबसे बडी ताकत उसका विविधीकृत आयात तंत्र है। जहां जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देश एक या दो आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भर हैं, वहीं चीन ने अपने तेल स्रोतों को आठ से ज्यादा देशों में फैला रखा है। रूस, ईरान, वेनेजुएला जैसे देशों से सस्ता तेल लेकर उसने पश्चिमी प्रतिबंधों को भी अपने हित में बदल लिया है। रणनीतिक दृष्टि से यह कदम बेहद महत्वपूर्ण है। इसका मतलब है कि यदि किसी एक क्षेत्र में संकट आता है, तो चीन पूरी तरह ठप नहीं होगा। तीसरा और सबसे खतरनाक दांव है चीन का विशाल तेल भंडार। अनुमान है कि उसके पास इतना तेल जमा है कि वह होर्मुज मार्ग बंद होने की स्थिति में करीब सात महीने तक अपनी जरूरतें पूरी कर सकता है। यह भंडारण केवल आर्थिक सुरक्षा नहीं बल्कि सामरिक हथियार भी है। देखा जाये तो ऊर्जा सुरक्षा के इस खेल में चीन ने केवल तेल पर ही भरोसा नहीं किया है। उसकी बिजली व्यवस्था लगभग आत्मनिर्भर हो चुकी है। कोयले और तेजी से बढ़ती नवीकरणीय ऊर्जा के दम पर चीन ने अपने ग्रिड को बाहरी निर्भरता से लगभग मुक्त कर लिया है।इसके साथ ही सौर और पवन ऊर्जा का विस्फोटक विस्तार इस बात का संकेत है कि चीन भविष्य की ऊर्जा लड़ाई के लिए पहले ही तैयार है। इसका सीधा असर यह हुआ है कि उसे कम एलएनजी आयात करना पड रहा है और तटीय इलाकों की निर्भरता भी घट रही है। गैस के मामले में भी चीन ने चालाकी दिखाई है। पाइपलाइन नेटवर्क के जरिए उसने रूस, मध्य एशिया और म्यांमार से सीधी आपूर्ति सुनिश्चित कर ली है। इससे समुद्री मार्गों पर निर्भरता और कम हो गई है। सामरिक नजरिए से देखें तो यह पूरी रणनीति एक गहरी सोच का परिणाम है। चीन ने समझ लिया था कि भविष्य की जंग केवल हथियारों से नहीं बल्कि ऊर्जा पर नियंत्रण से जीती जाएगी।आज जब होर्मुज जलडमरूमध्य पर खतरा मंडरा रहा है, तब भारत, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देश चिंता में डूबे हुए हैं। लेकिन चीन इस संकट को अवसर में बदलने की स्थिति में है। सबसे बड़ी बात यह है कि चीन की तेल मांग अब चरम पर पहुंचकर घटने की ओर बढ़ रही है। इसका मतलब है कि आने वाले समय में उसकी आयात निर्भरता और कम होगी, जिससे वैश्विक बाजार में उसकी स्थिति और मजबूत होगी। बहरहाल, यह पूरा घटनाक्रम एक साफ संदेश देता है। जो देश समय रहते अपनी ऊर्जा रणनीति नहीं बदलेंगे, वे आने वाले संकटों में बुरी तरह फंस सकते हैं।

# पता नहीं आत्मनिर्भर भारत कब बनेगा

अजीत द्विवेदी

दस साल हो गए, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत अपनी ऊर्जा जरुरतों के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता को कम करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने सात फरवरी 2016 को ओडिशा के पारादीप में भारत की सबसे बड़ी पेट्रोलियम मार्केटिंग कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन यानी आईओसी की एक रिफाइनरी का उद्घाटन करते हुए यह बात कही थी। उन्होंने उस समय एक लक्ष्य भी तय किया था। प्रधानमंत्री ने कहा था कि 2022 तक भारत अपनी ऊर्जा जरुरतों को पूरा करने के लिए विदेशी निर्भरता को 10 फीसदी तक कम करेगा। उस समय भारत 80 फीसदी से ज्यादा कच्चा तेल आयात करता था।आज 10 साल बाद भारत का कच्चे तेल का आयात 85 फीसदी से ज्यादा हो गया है। यानी जहां दस फीसदी आयात कम होना था वहां पांच फीसदी बढ़ गया है। प्रधानमंत्री ने आयात पर निर्भरता 10 फीसदी घटाने के लक्ष्य के साथ साथ यह भी कहा था कि ऊर्जा जरुरतों के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने चार क्षेत्र बताए थे, जहां काम किया जाना था। इसमें इथेनॉल मिश्रण, इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देने, नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों को बढ़ाना और तेल, गैस आदि की खोज को प्रोत्साहित करना शामिल था।सोचें, 10 साल पहले ऊर्जा के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की बात प्रधानमंत्री के मुंह से सुनना कितना अच्छा लगा होगा! उसमें भी तात्कालिक लक्ष्य आयात में 10 फीसदी की कमी का रखा गया था। एक ब्लूप्रिंट भी पेश किया गया। लेकिन 10 साल के बाद देश कहां पहुंचा? आज स्थिति यह है कि भारत अपनी ऊर्जा जरुरतों के लिए दूसरे देशों पर पहले से ज्यादा निर्भर हो गया है। ऐसा नहीं कि सिर्फ तेल के मामले में भारत की निर्भरता बढ़ी है। हकीकत यह है कि जिस नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देकर भारत को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाने का संकल्प किया गया था उनके लिए भी भारत दूसरे देशों पर निर्भर है। इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देना है पर उसकी लिए बैटरी और दूसरी कई तकनीकी चीजें चीन से आएंगी। इसी तरह नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने का मामला है तो उसके लिए भी सोलर प्लेट्स में लगने वाले कल पुर्जे और दूसरे उपकरण चीन से आएंगे। सोचें, हम तेल के साथ साथ वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के मामले में भी दूसरे देशों पर निर्भर हो गए हैं। ऐसा नहीं है कि 10 साल में इन क्षेत्रों में कोई काम नहीं हुआ। लेकिन थोड़े से काम होने से तो देश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर नहीं बन जाएगा? जब प्रधानमंत्री ने कहा कि तेल आयात में 10 फीसदी की कमी की जाएगी और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देकर भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की ओर बढ़ा जाएगा तो निश्चित रूप से उनके दिमाग में कोई योजना होगी, लंबे समय की कोई प्लानिंग होगी! फिर किसने उनको उस योजना पर काम नहीं करने दिया? ऐसा तो नहीं हो सकता है कि आत्मनिर्भरता की योजना के नाम पर थोड़ा सा उत्पादन बढ़ाने की योजना हो? जब इतनी बड़ी घोषणा की जाती है तो उसे पूरा करने के लिए उतना ही बड़ा प्रयास करना होता है। उस प्रयास में स्पष्ट कमी दिख रही है। ऐसा लग रहा है कि समय समय पर इस तरह की बातें करके प्रधानमंत्री ने लोगों को भरोसा तो दिया कि वे देश की समस्या को समझ रहे हैं और उसका समाधान करना चाहते हैं। लेकिन समाधान की दिशा में कोई गंभीर प्रयास नहीं किया। उन्होंने 2016 के बाद तेल आयात कम करने और ऊर्जा के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की बात अनेक बार कही। लेकिन सवाल है कि क्या वे देख नहीं रहे थे कि उनकी बातों या दावों में और देश की वास्तविकता में कितना अंतर है?आज जब संकट देश के सामने आया तो सबका ध्यान इस वास्तविकता की ओर गया है। ईरान में जंग शुरू हुए 12 दिन हुए हैं और भारत में हाहाकार मचा है। भारत सरकार को आवश्यक वस्तु अधिनियम यानी एस्मा लागू करना पड़ा है। हालांकि रसोई गैस का मामला कालाबाजारी का भी है। लेकिन यह भी सही है कि किल्लत बढ़ रही है क्योंकि भारत अपनी एलपीजी की जरुरतों का 80 फीसदी से ज्यादा खाड़ी के देशों से आयात करता है और उसके भंडारण की भी वैसी व्यवस्था देश में नहीं है, जैसी कच्चे तेल के लिए है। इसलिए संकट तो है। तभी देश भर में होटल और रेस्तरां बंद हो रहे हैं और सरकार को प्राथमिकता के आधार पर आपूर्ति के नियम बनाने पड़े हैं। सरकार ने घरेलू आवंटन को सौ फीसदी रखने को कहा है लेकिन उद्योगों और व्यावसायिक संस्थाओं के आवंटन में 20 से 30 फीसदी की कटौती हुई है। एलपीजी के अलावा तेल का संकट भी है तभी विमानन कंपनियों ने किराया बढ़ाना शुरू कर दिया है। प्राकृतिक गैस की आपूर्ति कम होने से उर्वरक से लेकर प्लास्टिक उद्योग तक करीब 75 उद्योग हैं, जहां असर हुआ है। उर्वरक के उत्पादन पर असर होगा तो अंततरू उससे खाद्यान्न सुरक्षा भी प्रभावित होगी। ऊर्जा के क्षेत्र में आयात पर निर्भरता कम करने और भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बढ़ने की घोषणा के 10 साल हुए हैं तो श्आत्मनिर्भर भारत अभियानय के भी छह साल होने जा रहे हैं। कोरोना महामारी के बीच 12 मई 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अभियान की शुरुआत की थी। सरकार की ओर से 20 लाख करोड़ रुपए के एक राहत पैकेज की घोषणा भी हुई थी। हालांकि वह पूरी तरह से क्रेडिट गारंटी की योजना थी। किसी को मदद के तौर पर इसमें से एक रुपया नहीं मिला, बल्कि सबको कर्ज देने की व्यवस्था की गई थी। लेकिन वह अलग कहानी है।श्आत्मनिर्भर भारत अभियानय के तहत तय किया गया कि भारत में बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा, युवा शक्ति का अधिकतम इस्तेमाल होगा, देश की अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ेगा, तकनीक के क्षेत्र में देश को बेहतर बनाया जाएगा और मांग को पूरा करना की आत्मनिर्भर व्यवस्था बनेगी। लेकिन छह साल के बाद कोई नया क्षेत्र ऐसा नहीं है, जिसमें आत्मनिर्भरता बनी है। जब आत्मनिर्भर भारत अभियान की घोषणा हुई थी लगभग उसी समय भारत ने चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को रोकने के लिए एक नियम बनाया था। अब उस नियम में ढील दे दी गई है। ऐसा लग रहा था कि चीन से दूरी बना कर भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा लेकिन छह साल के बाद भारत फिर उसी रास्ते पर लौटा है। ध्यान रहे चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 10 लाख करोड़ रुपए के करीब है। भारत अगर तेल और ऊर्जा जरुरतों के लिए खाड़ी देशों या रूस, अमेरिका पर निर्भर है तो फार्मा से लेकर फार्म सेक्टर तक और ईवी से लेकर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत तक और रोजमर्रा की जरुरत की चीजों के लिए चीन पर निर्भर है। पता नहीं आत्मनिर्भर भारत कब बनेगा अभी तो निर्भरता कम होती भी नहीं दिख रही है।

## आज का राशिफल

मेष राशि–
आज का दिन आपके लिए ताजगी भरा रहने वाला है। आज से डेली योग और ध्यान करने का प्रण लेगें। आज आपका मन धार्मिक कार्यों में अधिक रहेगा।

वृष राशि–
आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आप नजदीक में ही अपनी मनपसंद जगह पर घूमने जाएंगे वह अच्छा समय बिताएंगे कामकाज में आपको सफलता मिलेगी।

मिथुन राशि–
आज आपके मन में नए–नए विचार आ सकते हैं। आप किसी काम के लिए नई योजना भी बना सकते हैं। आय के स्रोतों में वृद्धि होने की संभावना है।

कर्क राशि–
आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते और मजबूत होंगे। किसी काम के लिए की गई आपकी मेहनत आज रंग लायेगी।

सिंह राशि–
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपकी बहुप्रतीक्षित मनोकामना आज पूरी हो सकती है। आज फैमिली के साथ धार्मिक यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा।

कन्या राशि–
आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आप किसी काम में बेस्ट परफॉर्मेंस देने के लिए कुछ नया क्रिएटिव करेंगे। करियर के लिए आज का दिन मील का पत्थर साबित होगा।

तुला राशि–
आज आपका दिन ठीक ठाक रहेगा। ऑफिस में किसी जरूरी काम को पूरा करने के लिए पिछली कंपनी का अनुभव आपके काम आ सकता है।

वृश्चिक राशि–
आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। आप जिस भी काम को पूरा करना चाहेंगे, वो काम पूरा हो जायेगा। आप किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं साथ ही शाम को आप कुछ घरेलू सामान खरीदने के लिए मार्केट भी जाएंगे।

धनु राशि–
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी और आपका कॉन्फिडेंस लेवल बढ़ेगा। रिसर्च कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

मकर राशि–
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको कुछ जरूरी कामों में दोस्तों की मदद मिल सकती है। साथ ही कई दिनों से अटका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा।

कुंभ राशि–
आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज खास काम पूरा होने से आपको खुशी मिलेगी।

मीन राशि–
आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। आज काम में पेरेंट्स की मदद मिलने से काम जल्दी ही पूरा होगा। आज आपका सहपाठी आपसे अपनी बात शेयर कर सकता है। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन सामान्य रहेगा।

# लखनऊ सुपर जाएंट्स की हार पर संजीव गोयनका का पहला रिएक्शन, कप्तान ऋषभ पंत को लेकर कही ये बात

लखनऊ सुपर जाएंट्स को अपने पहले मुकाबले में करारी शिकस्त झेलने पड़ी। जिसके बाद लखनऊ सुपर जाएंट्स के मालिक संजीव गोयनका का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें कप्तान ऋषभ पंत और स्टाफ से बाते करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो की तुलना फैंस ने केएल राहुल के आईपीएल 2024 वाले इंसिडेंट से की। संजीव गोयनका एक मैच हारने के बाद केएल राहुल की बीच मैदान पर क्लास लगाई थी। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ लखनऊ सुपर जाएंट्स को अपने पहले मुकाबले में करारी शिकस्त झेलने पड़ी। जिसके बाद लखनऊ सुपर जाएंट्स के मालिक संजीव गोयनका का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें कप्तान ऋषभ पंत और स्टाफ से बाते करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो की तुलना फैंस ने केएल



राहुल के आईपीएल 2024 वाले इंसिडेंट से की। संजीव गोयनका एक मैच हारने के बाद केएल राहुल की बीच मैदान पर क्लास लगाई थी। अब ये साफ नहीं है कि इस बार संजीव गोयनका ने पंत स् क्या बात की। लेकिन फैंस का कहना है कि गोयनका को बीच मैदान पर किसी खिलाड़ी से ऐसे बात नहीं करनी चाहिए। इसको लेकर उनकी खूब आलोचना हो रही है। वहीं हार के बाद संजीव गोयनका का एक और पोस्ट सामने आया है। इस पोस्ट में हालांकि संजीव गोयनका अपनी टीम का मनोबल बढ़ाते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने फैंस से वादा किया कि उनके कप्तान ऋषभ पंत और पूरी टीम टूर्नामेंट में जोरदार वापसी करेंगे। संजीव गोयनका ने ग पर लिखा कि, ये एक लंबा सीजन है, और ऐसे पल कुछ मतलब का बनाने का हिस्सा होते हैं। मुझे अपने कैप्टन और टीम पर पूरा भरोसा है कि वे मजबूती से जवाब देंगे। हमारे फैंस, आज इकाना में आपके सपोर्ट के लिए धन्यवाद, हम और मजबूत होकर वापस आएंगे। इस सीजन में लखनऊ सुपर जाएंट्स की कहानी अभी लिखी नहीं गई है। वहीं लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने मैच हारने के बाद कहा कि, बल्लेबाजी में हम बड़ी साझेदारी नहीं कर पाए। योजना ये थी कि पूरन पांचवें नंबर पर आकर बीच के ओवरों में जिम्मेदारी संभालें। हमें एक ऐसे खिलाड़ी की जरूरत थी जो इम्पेक्ट प्लेयर के तौर पर कुछ रन जोड़ सके क्योंकि एक अच्छी पिच पर हमारे पास काफी रन नहीं थे।

# समीर रिजवी ने खोला अपनी सफलता का राज, बताया कोच ने दिया बल्लेबाजी का मंत्र

समीर रिजवी ने बेहतरीन बल्लेबाजी का परिचय दिया। उन्होंने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के मौका का पूरा फायदा उठाया और अब उनका ध्यान आईपीएल में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने पर है। रिजवी ने अपने कौशल का बेहतरीन नमूना पेश करते हुए दिल्ली कैपिटल्स को लखनऊ सुपर जाएंट्स पर 6 विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।दिल्ली कैपिटल्स के युवा बल्लेबाज समीर रिजवी ने बेहतरीन बल्लेबाजी का परिचय दिया। उन्होंने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के मौका का पूरा फायदा उठाया और अब उनका ध्यान आईपीएल में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने पर है। रिजवी ने अपने कौशल का बेहतरीन नमूना पेश करते हुए दिल्ली कैपिटल्स को लखनऊ सुपर जाएंट्स पर 6 विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वह इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे।दिल्ली की टीम ने 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार विकेट 26 रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद रिजवी ने जिम्मेदारी संभाली और 47 गेंद पर नाबाद 70 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। उन्होंने साउथ अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स के साथ पांचवें विकेट केलिए 119 रन की अटूट साझेदारी की। रिजवी ने मैच के बाद कहा कि, कोच ने मुझे पहले ही बता दिया था कि तुम नंबर 4 पर खेलोगे और हम तुम्हारा साथ देंगे। बस अपना स्वाभाविक, सकारात्मक खेल खेलो। उन्होंने आगे कहा कि, जब भी मैं उत्तर प्रदेश के लिए या यूपीटी20 लीग में खेलता हूं तो चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करता



हूं। अगर आपको आईपीएल में भी उसी नंबर पर बल्लेबाजी करने का मौका मिले तो इससे काफी आत्मविश्वास मिलता है। ये मेरे लिए एक बड़ा मौका है और कोचभी मुझे अपना स्वाभाविक खेल खेलने की आजादी दे रहे हैं। इसलिए मैं इन मौकों को भुनाने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। रिजवी ने कहा कि, मैंने अभी तक आईपीएल में ज्यादा मैच नहीं खेले हैं लेकिन मैं अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करूंगा और इस पारी को भूलकर अगले मैच पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करूंगा। बता दें कि, आईपीएल में समीर का ये लगातार दूसरा अर्धशतक था। उन्होंने पिछले सत्र में अंतिम मैच मेंभी अर्धशतक लगाया था।

# इकाना स्टेडियम में लखनऊ और दिल्ली के बीच मुकाबला, देखें दोनों की प्लेइंग 11

दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दोनों टीम मौजूदा सत्र में अपना पहला मैच खेल रही हैं। लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम चार विदेशी खिलाड़ियों के साथ उतरी है। एडन मार्करम, मिचेल मार्श और निकोलस पूरन टीम में पहले से हैं।आईपीएल 2026 का पांचवां मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच खेला जा रहा है। जहां दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दोनों टीम मौजूदा सत्र में अपना पहला मैच खेल रही हैं। लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम चार विदेशी खिलाड़ियों के साथ उतरी है। एडन मार्करम, मिचेल मार्श और निकोलस पूरन टीम में पहले से हैं। जबकि तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्खिया पहली बार टीम के साथ खेलेंगे। जबकि दिल्ली कैपिटल्स के लिए इस मैच में पथुम निसांका, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स और लुंगी एनगिडी खेल रहे हैं। टॉस जीतकर अक्षर पटेल ने कहा कि, यहां पर लाल मिट्टी वाली पिच है और पहले 6 ओवरों में गेंदबाजों



को मिल सकती है। इसी वजह से उन्होंने यहां पर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया है। वहीं ऋषभ पंत ने कहा कि उनकी टीम चाहे पहले बल्लेबाजी करे या फील्डिंग उतना फर्क नहीं पड़ेगा। ये विकेट एक जैसी रहने वाली है। आज की टीम में चार विदेशी खिलाड़ी एडन मारक्रम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन और एनरिक नॉर्ट्जे होंगे। दोनों टीमों के बीच हाल के मुकाबले काफी कड़े रहे हैं, जिसमें दिल्ली को पिछली मुलाकातों में थोड़ी बढ़त मिली थी। हालांकि, मौजूदा टीम की बनावट और फॉर्म से लगता है कि मुकाबला ज्यादा बराबरी का होगा। जिसमें घरेलू मैदान का फायदा लखनऊ सुपर जाएंट्स के पक्ष में हो सकता है। दोनों टीमों की प्लेइंग 11लखनऊ सुपर जाएंट्स– एडेन मार्कराम, मिशेल मार्श, निकोलस पूरन, ऋषभ पंत (विकेटकीपरध्कप्तान), आयुष बदोनी, अब्दुल समद, मुकुल चौधरी, मोहसिन खान, मोहम्मद शमी, एनरिक नॉर्टजे, प्रिंस यादव दिल्ली कैपिटल्स– केएल राहुल (डब्ल्यू), पथुम निसांका, नितीश राणा, अक्षर पटेल (सी), ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर, विप्रज निगम, लुंगी एनगिडी, कुलदीप यादव, टी नटराजन, मुकेश कुमार।

# बड़ा एक्शन, पहली ही गलती पर लगा 12 लाख रुपये का भारी जुर्माना

आईपीएल में गुजरात टाइटंस पर जीत के बावजूद पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह इस सीजन में टीम की पहली गलती है, लेकिन अय्यर के लिए यह एक नई चुनौती है क्योंकि वह पहले भी इस नियम का उल्लंघन कर चुके हैं।आईपीएल में जीत के साथ शुरुआत करने के बावजूद पंजाब की टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर को बड़ा झटका लगा है। धीमी ओवर गति के कारण उन पर जुर्माना लगाया गया है, जिससे मैच के बाद टीम की खुशी थोड़ी फीकी पड़ती नजर आई।बता दें कि न्यू चंडीगढ़ में खेले गए मुकाबले में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हराकर टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत की। हालांकि, मौजूद जानकारी के अनुसार टीम निध ारित समय में अपने ओवर पूरे नहीं कर सकी, जिसके चलते आईपीएल आचार संहिता के तहत कप्तान श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह इस सत्र में टीम की पहली गलती मानी गई।गौरतलब है कि अय्यर पहले भी धीमी ओवर गति के मामले में सजा झेल चुके हैं। पिछले सत्र में उन्हें इसी कारण दो बार जुर्माना भरना पड़ा था। ऐसे में यह मामला उनके लिए नई चुनौती के रूप में सामने आया।मैच की बात करें तो पंजाब ने पहले गेंदबाजी करते हुए गुजरात को 162 रन पर रोक दिया। गुजरात की शुरुआत तेज रही, जहां कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने अच्छी शुरुआत दी। लेकिन बीच के ओवरों में युजवेंद्र चहल और अन्य गेंदबाजों ने रन गति पर लगाम लगा दी। गिल ने 39 और जोस बटलर ने 38 रन बनाए, लेकिन टीम अंत में बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी।लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की शुरुआत मजबूत रही।



प्रभसिमरन सिंह और कूपर कॉनॉली ने मिलकर अच्छी साझेदारी की और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। हालांकि, बीच में अचानक विकेट गिरने से मैच रोमांचक हो गया और पंजाब 110 रन पर दो विकेट से 118 रन पर छह विकेट तक सिमट गया।मौजूद जानकारी के अनुसार गुजरात के गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने शानदार स्पेल डालते हुए कम समय में तीन विकेट लेकर मैच का रुख बदल दिया। लेकिन इसके बाद कूपर कॉनॉली ने धैर्य के साथ बल्लेबाजी करते हुए टीम को संभाला। उन्होंने नाबाद 72 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

# आक्रामक बल्लेबाजी का राज, हेड कोच रिकी पोंटिंग को लेकर कही ये बात


पंजाब किंग्स के बल्लेबाज कूपर कॉनोली ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी का श्रेय कोच रिकी पोंटिंग को दिया। कूपर ने कहा कि, मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने उन्हें आक्रामक खेलने की सलाह दी थी जबकि वह कप्तान श्रेयस अय्यर से भी सीखने को बेताब हैं। कॉनोली ने 44 गेंद में नाबाद 72 रन बनाकर पंजाब को जीत दिलाई।गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के जरिए आईपीएल में डेब्यू करने वाले पंजाब किंग्स के बल्लेबाज कूपर कॉनोली ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी का श्रेय कोच रिकी पोंटिंग को दिया। कूपर ने कहा कि, मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने उन्हें आक्रामक खेलने की सलाह दी थी जबकि वह कप्तान श्रेयस अय्यर से भी सीखने को बेताब हैं। कॉनोली ने 44 गेंद में नाबाद 72 रन बनाकर पंजाब को जीत दिलाई। पंजाब किंग्स ने कूपल कोनाली के अर्धशतक और लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल की मदद से



मंगलवार को आपीएल के रोमांचक टी20 मैच में गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हराया। कॉनोली ने जियोस्टार से बात करते हुए कहा कि, मैं सुबह उठा तो नर्वस था जिससे मुझे खुशी भी हुई। मुझे अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का इंतजार था। उन्होंने कहा कि, रिकी पोंटिंग ने मुझसे शांतचित होकर खेलने को कहा। उन्होंने मुझसे आक्रामक बल्लेबाजी के लिए कहा। ये शानदार टीम प्रयास था। हमने बहुत अच्छी गेंदबाजी की थी जिससे चीजें आसान हो गई। कॉनोली यहीं नहीं रुके उन्होंने आगे कहा कि, मैं श्रेयस अय्यर के साथ बल्लेबाजी करके सीखना चाहता था। वह विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। मैंने ऑस्ट्रेलिया ए और ऑस्ट्रेलिया के लिए उनके खिलाफ खेला है। मैं उनसे ज्यादा से ज्यादा सीखने की कोशिश करूंगा। ऑस्ट्रेलिया के 22 वर्षीय इस बल्लेबाज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और पंजाब किंग्स के पूर्व खिलाड़ी शॉन मार्श उनके आदर्श हैं। उन्होंने कहा कि, मेरा चयन हुआ तो वह बहुत सुखद पल था। शॉन मार्श से मैंने सबसे पहले बात की और उन्होंने मुझे सलाह दी।

# आक्रामक बल्लेबाजी का राज, हेड कोच रिकी पोंटिंग को लेकर कही ये बात

पंजाब किंग्स के बल्लेबाज कूपर कॉनोली ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी का श्रेय कोच रिकी पोंटिंग को दिया। कूपर ने कहा कि, मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने उन्हें आक्रामक खेलने की सलाह दी थी जबकि वह कप्तान श्रेयस अय्यर से भी सीखने को बेताब हैं। कॉनोली ने 44 गेंद में नाबाद 72 रन बनाकर पंजाब को जीत दिलाई।गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के जरिए आईपीएल में डेब्यू करने वाले पंजाब किंग्स के बल्लेबाज कूपर कॉनोली ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी का श्रेय कोच रिकी पोंटिंग को दिया। कूपर ने कहा कि, मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने उन्हें आक्रामक खेलने की सलाह दी थी जबकि वह कप्तान श्रेयस अय्यर से भी सीखने को बेताब हैं। कॉनोली ने 44 गेंद में नाबाद 72 रन बनाकर पंजाब को जीत दिलाई। पंजाब



किंग्स ने कूपल कोनाली के अध शतक और लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल की मदद से मंगलवार को आपीएल के रोमांचक टी20 मैच में गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हराया। कॉनोली ने जियोस्टार से बात करते हुए कहा कि, मैं सुबह उठा तो नर्वस था जिससे मुझे खुशी भी हुई। मुझे अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का इंतजार था। उन्होंने कहा कि, रिकी पोंटिंग ने मुझसे शांतचित होकर खेलने को कहा। उन्होंने मुझसे आक्रामक बल्लेबाजी के लिए कहा। ये शानदार टीम प्रयास था। हमने बहुत अच्छी गेंदबाजी की थी जिससे चीजें आसान हो गई। कॉनोली यहीं नहीं रुके उन्होंने आगे कहा कि, मैं श्रेयस अय्यर के साथ बल्लेबाजी करके सीखना चाहता था। वह विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। मैंने ऑस्ट्रेलिया ए और ऑस्ट्रेलिया के लिए उनके खिलाफ खेला है। मैं उनसे ज्यादा से ज्यादा सीखने की कोशिश करूंगा। ऑस्ट्रेलिया के 22 वर्षीय इस बल्लेबाज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और पंजाब किंग्स के पूर्व खिलाड़ी शॉन मार्श उनके आदर्श हैं। उन्होंने कहा कि, मेरा चयन हुआ तो वह बहुत सुखद पल था।

# पहले मैच से पृथ्वी शा बाहर! लखनऊ के खिलाफ कैसी होगी दिल्ली कैपिटल्स की प्लेइंग 11

ओपनिंग को लेकर दिल्ली के पास दो बड़े विकल्प हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, केएल राहुल का ओपनिंग करना तय है, लेकिन उनके जोड़ीदार के लिए पृथ्वी शॉ और पथुम निसांका के बीच कड़ी टक्कर है। जहां पृथ्वी शॉ ने 2025 में अनसोल्ड रहने के बाद घरेलू क्रिकेट में शानदार वापसी की है।आईपीएल के 5वें मैच में आज दिल्ली कैपिटल्स का सामना लखनऊ सुपर जाएंट्स से होगा। इस मुकाबले में सबकी नजरें दिल्ली की ओपनिंग जोड़ी और मिचेल स्टार्क की गैरमौजदूगी में गेंदबाजी अटैक पर टिकी हैं। फिलहाल, मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा जबकि टॉस आधे घंटे पहले यानी 7 बजे होगा। दिल्ली और लखनऊ के लिए इस सीजन का पहला मैच है। दोनों कप्तानों पर दबाव इससे ज्यादा नहीं हो सकता। जहां ऋषभ पंत 2025 में प्लेऑफ से बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे हैं वहीं आईपीएल ऑक्शन के इतिहास में 27 करोड़ की कीमत के साथ सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। अक्षर पटेल, जो अब दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान हैं वो एक नई टीम की अगुवाई कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज मिचेल स्टार्क कोहनी और कंधे की चोट के कारण टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों से बाहर हैं। उनकी जगह लुंगी एनगिडी तेज गेंदबाजी की कमान संभाल सकते हैं। एक अन्य विकल्प के तौर पर अनुभवी टी नटराजन को भी प्लेइंग 11 में मौका मिल सकता है। पृथ्वी शॉ की होगी वापसी?ओपनिंग को लेकर दिल्ली के पास दो बड़े विकल्प हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, केएल राहुल का ओपनिंग करना तय है, लेकिन उनके जोड़ीदार के लिए पृथ्वी शॉ और पथुम निसांका के बीच कड़ी टक्कर है। जहां पृथ्वी शॉ ने 2025 में अनसोल्ड रहने के बाद घरेलू क्रिकेट में शानदार वापसी की है। अगर टीम एक्स फैक्टर और अटैकिंग शुरुआत चाहती है तो शॉ की वापसी पक्की है। श्रीलंकाई ओपनर पथुम निसांका अपनी निरंतरता के लिए जाने जाते हैं।

# भारती एयरटेल का वैश्विक दबदबा, 65 करोड़ ग्राहकों के साथ बनी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी

भारती एयरटेल 65 करोड़ ग्राहकों के साथ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी बन गई है। कंपनी ने जीएसएमए के आंकड़ों का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। भारतीय दूरसंचार दिग्गज भारती एयरटेल (ठीं‍तजप ।पतजमस) ने वैश्विक स्तर पर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को श्जीएसएमए इंटेलिजेंसश (ळैड। प्दजमससपहमदबम) के आंकड़ों का हवाला देते हुए घोषणा की कि वह अब मोबाइल ग्राहक आध ार (नइेबतपइमत ठेंम) के मामले में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी बन गई है। ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल कम्युनिकेशंस (जीएसएमए) दुनिया भर के मोबाइल संचालकों और संबंधित कंपनियों का प्रतिनिध ित्व करने वाला एक प्रमुख संगठन है। कंपनी बयान के अनुसार, 'जीएसएमए इंटेलिजेंस' के मुताबिक मोबाइल ग्राहक आध ार के लिहाज से भारती एयरटेल वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर है।कंपनी भारत तथा अफ्रीका में सेवाएं देती है। भारती एयरटेल के कार्यकारी वाइस चेयरमैन गोपाल विट्ठल ने कहा, '' हम नवाचार, विश्वसनीयता एवं सेवाओं के अनुभव के स्तर को और ऊंचा करने का प्रयास करेंगे, ताकि हर ग्राहक के साथ संपर्क भरोसा जीतने तथा मूल्य प्रदान करने का अवसर बने।''कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि यह संख्या 31 मार्च तक उपलब्ध आंकड़ों पर आधारित हैं। एयरटेल ने कहा कि भारत में उसके 36.




8 करोड़ से अधिक मोबाइल ग्राहक हैं, जबकि अफ्रीका के 14 देशों में 17.9 करोड़ से अधिक ग्राहक हैं। कंपनी के अनुसार, अपने क्षेत्रीय बाजारों से आगे बढ़ते हुए एयरटेल 'यूटेलसैट वनवेब' और 'स्पेसएक्स' के साथ रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से डिजिटल खाई को पाटने का प्रयास कर रही है।

# कथानार-द वाइल्ड सार्सेरर का ट्रेलर हुआ रिलीज, अनुष्का शेट्टी और जयसूर्या की फिल्म में नजर आई जादुई कहानी,14 भाषाओं में होगी रिलीज

भारतीय सिनेमा की मचअवेटेड फिल्मों में से एक कथानरका बहुप्रतीक्षित ट्रेलर आखिरकार रिलीज कर दिया गया है। नेशनल अवार्ड विजेता फिल्म होम के निर्देशक रोजिन थॉमस इस भव्य प्रोजेक्ट के साथ पांच साल बाद वापसी कर रहे हैं। यह फिल्म न केवल भारतीय बल्कि वैश्विक स्तर पर एक बड़े सिनेमाई अनुभव का वादा करती है, जिसे बेहद बारीकी और शोध के साथ तैयार किया गया है। फिल्म का ट्रेलर देखने लायक है और एक शानदार कहानी की झलक पेश कर रहा है। फिल्म में शानदार कास्ट है और ये 9वीं सेंचुरी में ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार नजर आ रही है।इस फिल्म में मुख्य भूमिका लोकप्रिय अभिनेता जयसूर्या निभा रहे हैं, जो कथानर के टाइटल रोल में नजर आएंगे। उनके साथ फिल्म में जयसूर्या, अनुष्का शेट्टी और प्रभुदेवा जैसे दिग्गज कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं। सहायक कलाकारों में विनीत, नितीश भारद्वाज, हरीश उथमन और कुलप्रीत यादव जैसे नाम शामिल हैं। कथानर को एक ग्लोबल फिल्म के रूप में पेश किया जा रहा है, जिसे हिंदी, बंगाली, मलयालम, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और अंग्रेजी के साथ–साथ आठ अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा।फिल्म का टीजर एक ऐसी दृश्य यात्रा पर ले जाता है जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। नौवीं शताब्दी की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म पीरियड फैंटेसी शैली में एक नया प्रयोग है। निर्देशक रोजिन थॉमस ने पारंपरिक कहानियों से हटकर इस फिल्म के लिए गहन शोध किया है, जो इसके वातावरण और वर्ल्ड–बिल्डिंग में स्पष्ट रूप से झलकता है। टीजर में दिखाई गई सिनेमैटोग्राफी और विजुअल ट्रीटमेंट इसे समकालीन फिल्मों से मीलों आगे ले जाता है।श्री गोकुलम मूवीज के बैनर तले गोकुलम गोपालन द्वारा निर्मित यह फिल्म भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े प्रोडक्शंस में से एक मानी जा रही है। निर्देशक ने साझा किया कि लगभग 500 तकनीशियनों ने पांच साल तक लगातार इस प्रोजेक्ट पर काम किया है। विशेष रूप से अभिनेता जयसूर्या ने इस फिल्म के लिए अपने करियर के चार साल समर्पित किए हैं। यह फिल्म निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और निर्माताओं के अटूट विश्वास का परिणाम है कि आज कथानर इस स्तर की गुणवत्ता हासिल कर पाई



है।कथानर का टीजर अपने हॉलीवुड–स्तरीय विजुअल्स और अत्याधुनिक वीएफएक्स के कारण चर्चा में है। राहुल सुब्रमण्यन द्वारा तैयार किया गया दमदार बैकग्राउंड स्कोर टीजर की तीव्रता को और बढ़ा देता है। फिल्म के हर डिपार्टमेंट चाहे वह कॉस्ट्यूम हो, मेकअप हो या आर्ट डायरेक्शन पर एक अलग दृष्टिकोण के साथ काम किया गया है।

# दुनियाभर में धुरंधर 2 का धमाल, रौंद डाले बाबी-शोले के रिकार्ड, वर्ल्डवाइड कर डाला होश उड़ा देने वाला कलेक्शन

रणवीर सिंह की धुरंधर 2 हर गुजरते दिन के साथ न केवल अपने कलेक्शन में भारी भरकम इजाफा करती जा रही है बल्कि नए–नए रिकॉर्ड भी अपने नाम कर रही है. देश और दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही इस फिल्म ने सुपर फास्ट स्पीड से उम्मीदों से कई गुना ज्यादा कलेक्शन कर तमाम सारी बॉलीवुड फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है. यहां तक कि इसने कई बड़ी पैन इंडिया फिल्मों के रिकॉर्ड भी नेस्तनाबूत कर दिए हैं. हालांकि दूसरे मंडे पहली बार इसकी कमाई में थोड़ी मंदी देखी गई. चलिए यहा जानते हैं इस फिल्म ने रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंडे को वर्ल्डवाइड कितना कलेक्शन किया है?

रणवीर सिंह स्टारर श्धुरंधर 2च ने सिनेमाघरों में जबरदस्त ओपनिंग की थी और इसने रिलीज के पहले ही दिन दुनिया भर में 240 करोड़ कमाए (जिसमें पेड प्रीव्यू से मिले 75 करोड़ भी शामिल हैं) थे. इसके बाद बुलेट ट्रेन से भी तेज दौड़ते हुए इस फिल्म ने अपने पहले हफ्ते में ही 1000 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर डाली थी . फिर धुरंधर 2 का बॉक्स ऑफिस पर दूसरा वीकेंड भी काफी शानदार रहा. इसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 170 करोड़ से ज्यादा की नेट कमाई की, जो कि ज्यादातर फिल्मों के ओपनिंग वीकेंड की कमाई से भी ज्यादा है. इसके साथ ही फिल्म का घरेलू कलेक्शन बढ़कर 847 करोड़ नेट हो गया, जो कि बॉलीवुड फिल्मों के लिए एक नया रिकॉर्ड है. सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में पहली बार बड़ी गिरावट देखने को मिली.

बता दें कि 12वें दिन, धुरंधर 2 ने 17,614 शो में भारत में 25.30 करोड़ का नेट कलेक्शन किया. इसके साथ ही, भारत में इसका कुल ग्रॉस कलेक्शन 1,042.23 करोड़ और कुल नेट कलेक्शन अब तक 872.17 करोड़ हो गया है. वहीं विदेशों में, फिल्म ने 12वें दिन 8.00 करोड़ का कलेक्शन किया, जिससे इसका कुल विदेशी ग्रॉस कलेक्शन अब तक 350.00 करोड़ हो गया है. इससे इसका दुनिया भर का कुल ग्रॉस कलेक्शन बढ़कर ?1392.23 करोड़ हो गया है.धुरंधर 2 की दुनिया भर की कमाई ब1392 करोड़ ग्रॉस हो गई है और ये 14 सौ करोड़ी बनने से इंचभर दूर है. इसी के साथ अब, यह फिल्म सिर्फ दंगल (2070 करोड़), बाहुबली 2 (1788 करोड़), और पुष्पा 2 (1724 करोड़) से पीछे है.विदेशों में, धुरंधर 2 गल्फ देशों में



रिलीज नहीं हुई. और फिर भी, यह विदेशों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 15 भारतीय फिल्मों में जगह बनाने में कामयाब रही है. इसकी +38 मिलियन की कमाई ने बॉबी (+29.4 मिलियन), शोले (+28.2 मिलियन), और पुष्पा 2 (+31 मिलियन) जैसी ऑल–टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्मों को भी पीछे छोड़ दिया है.,रणवीर सिंह के अलावा, धुरंधर 2 में आर. माधवन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, सारा अर्जुन और राकेश बेदी ने भी अपने किरदारों में कमबैक किया है. ।

# कालिदास 2 का बढ़ा रोमांच, अबरनाथी का किरदार होगा फिल्म के रहस्य की चाबी

साउथ सिनेमा में इन दिनों थ्रिलर फिल्मों का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है और दर्शक ऐसी कहानियों को खास पसंद कर रहे हैं, जिनमें सस्पेंस, क्राइम और रहस्य का तड़का हो। ऐसे में कालिदास 2 को लेकर फैंस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इस कड़ी में फिल्म निर्माताओं ने अभिनेत्री अबरनाथी का फर्स्ट लुक जारी किया है।इस फिल्म में अबरनाथी संजी नाम की महिला का अहम किरदार निभा रही हैं। पोस्टर में उनका लुक रहस्यमय नजर आ रहा है। मेकर्स का कहना है कि उनका किरदार फिल्म की मिस्ट्री को सुलझाने में बड़ी भूमिका निभाएगा। फिल्म के प्रोड्यूसर फाइव स्टार के सेंथिल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फर्स्ट लुक का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, संजी ही इस रहस्य की चाबी है।फिल्म 3 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है और अब इसके रिलीज में केवल कुछ ही दिन बाकी हैं। रिलीज से पहले मेकर्स फिल्म के किरदारों को धीरे–धीरे सामने ला रहे हैं। कुछ दिन पहले अभिनेता किशोर का फर्स्ट लुक सामने आया था। इस फिल्म में वह पांड्या नाम के किरदार में नजर आएंगे। पोस्टर में उनका लुक काफी खतरनाक और रहस्यमयी दिखाया गया है।मेकर्स ने उनके किरदार को रॉ, रफ और अनप्रिडिक्टेबल करार जिया। यह फिल्म सालों पहले आई सुपरहिट फिल्म कालीदास का दूसरा पार्ट है। इसे के. सेंथिल और डॉ. एन योगेश्वरन ने प्रोड्यूस किया है। खास बात यह है कि इस फिल्म को भी सेंथिल ने ही लिखा और डायरेक्ट किया है, जिन्होंने पहले पार्ट को भी बनाया था।ऐसे में दर्शकों को उम्मीद है कि यह फिल्म भी उतनी ही दमदार होगी। टीएम कार्तिक समेत कई कलाकार



फिल्म में भरत और अजय कार्थी लीड रोल में नजर आएंगे। इसके अलावा, भवानी श्री, संगीता और भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। संगीता लंबे समय बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं, जो दर्शकों के लिए एक अलग ही रोमांच लाएगा।

# सलमान खान की नई हीरोइन बनी साउथ की लेडी सुपरस्टार नयनतारा, हो गया बड़ा ऐलान

बॉलीवुड के सुल्तान सलमान खान और साउथ की लेडी सुपरस्टार नयनतारा की जोड़ी को लेकर चल रही चर्चाओं पर आखिरकार मुहर लग गई है। नयनतारा अब साउथ के मशहूर निर्देशक वामशी पेडिपल्ली के निर्देशन में बनने वाली आगामी एक्शन–ड्रामा फिल्म में सलमान के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। जवान की अपार सफलता के बाद अब नयनतारा सलमान के साथ मिलकर बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने के लिए तैयार हैं।निर्माताओं के साथ–साथ खुद नयनतारा ने सोशल मीडिया पर ये ऐलान कर दिया है, जिससे उनके प्रशंसक फूले नहीं समा रहे हैं। सलमान और नयनतारा, अब पहली बार एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं, जो दर्शकों के लिए एक बिल्कुल नया और रोमांचक अनुभव लेकर आएगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस जोरदार एक्शन–ड्रामा की शूटिंग अप्रैल के मध्य से शुरू होने जा रही है। निर्माता इसे साल 2027 की सबसे बड़ी रिलीज बनाने की तैयारी में हैं।महर्षि और वारिसु जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के लिए मशहूर निर्देशक वामशी अपने सिग्नेचर स्टाइल यानी बड़े पैमाने के इमोशन और स्केल को इस फिल्म में लाने के लिए तैयार हैं। एक अनुभवी फिल्म निर्माता दिल राजू और निर्देशक की जोड़ी, लीड रोल में सलमान जैसे सुपरस्टार और अब नयनतारा के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने के बाद यकीनन सिनेमाघरों में तालियों और सीटियों का शोर थमने का नाम नहीं लेगा।खबर है कि निर्देशक वामशी इस फिल्म में सलमान को एक बिल्कुल नए अवतार और अनोखे लुक में पेश करने की तैयारी कर रहे हैं, जो उनके फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज होगा। बताया जा रहा है कि फिल्म की स्क्रिप्ट और इसके भव्य स्तर ने सलमान को पहली ही बार में रोमांचित कर दिया। फिल्म का कॉन्सेप्ट इतना जबरदस्त और अलग है कि उन्होंने इसे सुनते ही तुरंत अपनी रजामंदी दे दी।नयनतारा ने साल 2023 में शाहरुख खान अभिनीत जवान के जरिए बॉलीवुड में कदम रखा था। उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। अपनी पहली ही हिंदी फिल्म में एक दमदार पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाकर नयनतारा ने साबित कर दिया था कि वे बॉलीवुड की बड़ी हीरोइनों को कड़ी टक्कर देने के लिए तैयार हैं।



# रणबीर कपूर की रामायण से डरे तू मेरी जिंदगी है के मेकर्स? दिवाली से पहले रिलीज होगी कार्तिक-श्रीलीला की फिल्म

कार्तिक आर्यन और साउथ एक्ट्रेस श्रीलीला एक म्यूजिकल ड्रामा में साथ नजर आएंगे. फिलहाल के लिए इस फिल्म का नाम तू मेरी जिंदगी है बताया जा रहा है. वहीं फिल्म को लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंट है. इन सबके बीच फिल्ममेकर अनुराग बसु इस फिल्म की शूटिंग तेजी से पूरी करने में जुटे हुए हैं ताकि इसे दिवाली से पहले रिलीज किया जा सके. ये फैसला एक बड़ी फिल्म से क्लैश से बचने के लिए लिया जा रहा हैसूत्रों के हवाले से बताया है कि कार्तिक आर्यन और अनुराग बसु अपनी फिल्म को जल्द से जल्द पूरा करने में जुटे हैं. रिपोर्ट के मुताबिक सूत्र ने बताया, अनुराग और फिल्म के मेकर्स बॉक्स ऑफिस पर कुछ राहत चाहते हैं. वे रामायण जैसी बड़ी फिल्म से बिना किसी क्लैश के, सिनेमाघरों में अपनी फिल्म को आराम से चलाना चाहते हैं. अक्टूबर में सिर्फ एक बड़ी फिल्म दृश्यम 3 रिलीज हो रही है. इसलिए, प्रोड्यूसर भूषण कुमार और अनुराग अक्टूबर में ही अपनी फिल्म रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं.रिपोर्ट के मुताबिक सूत्र ने आगे बताया, मकसद यह है कि गर्मियों के पीक पर पहुंचने से पहले ही फिल्म का ज्यादातर हिस्सा पूरा कर लिया जाए. इसके बाद कार्तिक कबीर की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म पर काम शुरू करेंगे, जबकि अनुराग अपनी फिल्म का फाइनल कट तैयार करेंगे.अनुराग बसु की रोमांटिक म्यूजिकल फिल्म का पहला लुक वीडियो कार्तिक आर्यन ने फरवरी 2025 में शेयर किया था. इसकी शुरुआत भीड़ की जोरदार तालियों और चीयर्स से होती है, जबकि अभिनेता गिटार बजाते हुए मंच पर परफॉर्म करते हुए नजर आते हैं. उन्हें तू मेरी जिंदगी है गाना गाते हुए देखा जा सकता है, जिसमें वह घनी दाढ़ी और लंबे, बिखरे बालों के साथ एक दिल टूटे आशिक के लुक में नजर आ रहे हैं. इस वीडियो में श्रीलीला और कार्तिक के रोमांटिक पलों की कुछ झलकियां भी दिखाई गई हैं. इस नई जोड़ी की जबरदस्त केमिस्ट्री की एक झलक सामने आने के बाद से फैंस इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.



# मेन स्ट्रीम सिनेमा के मुकाबले ओटीटी पर अभिनेत्रियों के लिए ज्यादा अच्छे किरदार - भूमि पेडनेकर

मायानगरी के सिनेमा के सपने को पूरा करने का ख्वाब अब दिल्ली में भी देखा जा सकेगा क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव पहली बार दिल्ली में हो रहा है। 31 मार्च तक चलने वाले महोत्सव में सितारों का मेला लग रहा है। सोमवार को टॉयलेट रू एक प्रेमकथा और दम लगाके हईशा जैसी फिल्मों में लीड रोल निभा चुकीं भूमि पेडनेकर और अभिनेता मानव विज समारोह का हिस्सा बने। भूमि पेडनेकर ने कहा कि पहली बार अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का हिस्सा बनकर खुशी महसूस हो रही है। दिल्ली को इस फिल्म फेस्टिवल की सबसे ज्यादा जरूरत है, और आज सरकार और इस समारोह से जुड़े लोगों की मेहनत ने कलाकारों और निर्माताओं को बड़ा मंच दिया है। भले ही मैं मुंबईवासी हूं, लेकिन मेरा दिल दिल्ली के लिए धड़कता है।ओटीटी और सिनेमा में आए बदलाव पर अभिनेत्री ने कहा कि ओटीटी पर जितने भी किरदार एक्सपेरिमेंटल मिलते हैं, वो राइटर की बदौलत मिलते हैं, क्योंकि वो वैसे किरदारों को लिखते हैं, हमें बस सही किरदार का चुनाव करना होता है, लेकिन मेन स्ट्रीम सिनेमा में महिलाओं के लिए उतने अच्छे और एक्सपेरिमेंटल रोल नहीं मिल पा रहे हैं, जितने ओटीटी पर मिल रहे हैं, लेकिन उम्मीद है कि मेन स्ट्रीम सिनेमा में यह बदलाव भी जल्द से जल्द आएगा।पंजाबी अभिनेता मानव विज भी महोत्सव का हिस्सा बने और उनकी फिल्म मां जाए की स्पेशल स्क्रीनिंग भी रखी गई। मीडिया से बात करते हुए अभिनेता ने बताया कि यह फिल्म उनके लिए बहुत खास है और किरदार को जीवंत करने के लिए उन्होंने पूरी जान लगा दी थी। मुझे पता था कि फिल्म अच्छी साबित होगी, लेकिन यह नहीं पता था कि फिल्म को इतना सम्मान भी मिलेगा।अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव दिल्ली को जरूरी बताते हुए अभिनेता ने कहा, इसी महोत्सव की वजह से अच्छा सिनेमा सामने आ पाता है और दूसरों को भी अच्छी फिल्म बनाने की प्रेरणा मिलती है। आप किसी चीज की बेहतरी तभी कर सकते हैं, जब उसे बेहतर मंच मिलेगा।

# हुमा कुरैशी की चमक के कायल हुए हालीवुड निर्देशक जैक स्नाइडर, बताया बेहतरीन एक्ट्रेस

मशहूर हॉलीवुड निर्देशक जैक स्नाइडर ने अभिनेत्री हुमा कुरैशी की जमकर तारीफ की। उन्होंने हुमा को फिल्म आर्मी ऑफ द डेड में काम करने वाले सबसे अच्छे कलाकारों में से एक बताया। जैक स्नाइडर ने मंगलवार को हुमा कुरैशी की तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, हुमा कुरैशी उन बेहतरीन अभिनेत्री में से एक हैं, जिनके साथ मुझे आर्मी ऑफ द डेड में काम करने का अवसर मिला। टैलेंट, स्क्रीन पर मौजूदगी और जबरदस्त चमक थी। मनोरंजन जगत के कलाकारों ने भी जैक के पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने लिखा, आप सबसे बढ़िया हैंज् बॉस। फराह खान ने लिखा, अरे वाह।आर्मी ऑफ द डेड स्नाइडर की बनाई एक कहानी पर आधारित है। फिल्म की कहानी कुछ सैनिकों के एक ग्रुप के इर्द–गिर्द घूमती है, जो जॉम्बी के कहर के दौरान लास वेगास के एक कसीनो में डकैती की योजना बनाते हैं। स्नाइडर ने आर्मी ऑफ द डेड का आइडिया अपनी 2004 में आई पहली फिल्म डॉन ऑफ द डेड की अगली कड़ी के तौर पर सोचा था।इस फिल्म में कई बड़े एक्टर्स ने काम किया है, जिनमें डेव बॉतिस्ता, एला पर्नेल, ओमारी हार्डविक, एना डे ला रेग्वेरा, थियो रॉसी, मैथियास श्वेघोफर, नोरा अर्नेजेडर, हिरोयुकी सनाडा, टिग नोटारो, राउल कैस्टिलो, हुमा कुरैशी और



गैरेट डिलाहंट शामिल हैं।अभिनेत्री हुमा कुरैशी जल्द ही टॉक्सिकरू ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन–अप में नजर आएंगी। गैंगस्टर एक्शन–ड्रामा है, जिसे गीतु मोहनदास ने डायरेक्ट किया है। यश ने खुद स्क्रिप्ट लिखी है और लीड रोल में हैं। फिल्म में नयनतारा, कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी, रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया अहम किरदारों में नजर आएंगी।

फिल्म की रिलीज पहले 19 मार्च 2026 को रिलीज किया जाना था, लेकिन केवियन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंज क्रिएशंस ने अपने प्रमुख डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर फार्स फिल्म्स के परामर्श पर इसे वैश्विक स्तर पर स्थगित कर दिया था। अब फिल्म को 4 जून 2026 को प्रदर्शित किया जाएगा।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।